दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/125 | जयपुर | 24 मई /2025 | शनिवार | मूल्य रु 5 | पृष्ठ: 04

बांग्लादेश को अमित शाह ने दी नसीहत : 1971 का युद्ध न भूले बांग्ला देश

नई दिल्ली।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 22 वें बीएसएफ अलंकरण समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बीएसएफ जवानों के शौर्य की कहानी को बताया। साथ ही भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी उन्होंने बात की। गृहमंत्री शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने इस तथ्य को पूरी तरह उजागर कर दिया है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, एजेंसियों से प्राप्त सटीक खुफिया जानकारी और सशस्त्र बलों की घातक क्षमताओं को दिखाता है।

बांग्लादेश को अमित शाह ने समझा दिया

वहीं, इस कार्यक्रम में बीएसएफ जवानों की सराहना करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश को स्पष्ट रूप से समझा दिया। बीएसएफ की सराहना करते हुए अमित शाह ने कहा कि 1971 के युद्ध में बीएसएफ की ओर से दिखाई गई बहादुरी और बांग्लादेश के निर्माण में बल की ओर से किए गए योगदान को भारत नहीं भूल सकता और न ही बांग्लादेश को इसे कभी भूलना चाहिए। गृहमंत्री शाह ने बांग्लादेश को याद दिलाते हुए कहा कि बीएसएफ ने बांग्लादेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अन्याय के खिलाफ लड़ाई में सशस्त्र बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बहादुरी का अनुकरणीय मानक स्थापित किया। गृह मंत्री ने कहा कि 2.75 लाख कर्मियों वाला बीएसएफ भौगोलिक चुनौतियों से ग्रस्त कुछ सबसे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहा है।

1965 में हुआ था बीएसएफ का गठन

बता दें कि सीमा सुरक्षा बल का गठन साल 1965 में हुआ था। 1965 में गठित बीएसएफ पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,000 किलोमीटर से अधिक लंबी भारतीय सीमाओं की रक्षा करता है। के एफ रुस्तमजी बीएसएफ के संस्थापक प्रमुख थे।

पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों को मारा- शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बाद जब पाकिस्तान ने कुछ भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया तो भारत ने पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर तक हमला किया, जिसमें नौ आतंकवादी शिविर नष्ट कर दिए गए। गृहमंत्री शाह ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में एक चरम हमला किया, जिसमें उन्होंने चुनिंदा निर्दोष लोगों को चुना, उनका धर्म पूछा और महिलाओं और बच्चों सहित उनके परिवारों के सामने उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि यह पाप पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की ओर से किया गया था।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया अलग थी

गृहमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया अलग थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को महज कुछ मिनटों में नष्ट कर दिया। शाह ने कहा कि भारत की ओर से केवल आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, पाकिस्तान के किसी भी नागरिक प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हमने केवल पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपने ऊपर हमला माना। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया।

पेपरलीक : महिला वनरक्षक समेत तीन गिरफ्तार

जयपुर

एसओजी ने वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक मामले में गुरुवार को एक युवती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो वनरक्षक हैं, जिन्होंने लीक पेपर पढ़कर एग्जाम पास किया था। पेपर के लिए दोनों वनरक्षक ने कुल 4 लाख (1 लाख और 3 लाख) रुपए दलाल को दिए थे। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक मामले की एसओजी ने जांच की। जांच के दौरान 12 मार्च को कार्रवाई कर पेपर लीक मामले में आरोपी कंवराराम जाट (गुजरात के पालनपुर में स्टेशन मास्टर) को अरेस्ट किया गया था। उससे पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने वनरक्षक उमाराम और प्यारी कुमारी को 13 नवम्बर 2022 को हुई वनरक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर उदयपुर में एग्जाम से पहले ही दे दिया था। पूछताछ में नाम सामने आने पर एसओजी ने गुरुवार को गुडामलानी (बाड़मेर) के रहने वाले आरोपी वनरक्षक उमाराम (23) और वनरक्षक प्यारी कुमारी (30) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों वनरक्षकों से पेपर के लिए 4 लाख रुपए देना सामने आया। आरोपी वनरक्षक उमाराम ने लीक पेपर पढ़ने के लिए फरार आरोपी जबराराम जाट को 1 लाख रुपए दिए थे। जबकि, आरोपी वनरक्षक प्यारी कुमार के भाई हीराराम ने 3 लाख रुपए दिए थे। एसओजी वांछित आरोपी जबराराम जाट की तलाश में दबिश दे रही है।

विधानसभा ने की अधिसूचना जारी

अंता के भाजपा विधायक कंवर लाल की विधायकी खत्म

8 साल में विधायकी से हाथ धोने वाले दूसरे विधायक है कंवरलाल

जयपुर

आखिरकार भाजपा के एक विधायक की विधायिकी शुक्रवार को खत्म हो गई। एसडीएम पर पिस्टल तानने के मामले में 3 साल की सजा पाने वाले बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता खत्म कर दी गई है। विधानसभा ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अंता सीट पर उपचुनाव होंगे या नहीं, यह सुप्रीम कोर्ट में कंवरलाल की ओर से लगाई गई रिव्यू पिटीशन पर फैसले के बाद तय होगा। कंवरलाल की विधायकी 1 मई से खत्म मानी जाएगी। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कंवरलाल की विधायकी के बारे में फैसला करने को लेकर राज्य के महाधिवक्ता और सीनियर वकीलों से कानूनी राय मांगी थी।

महाधिवक्ता ने शुक्रवार को ही कानूनी राय भेजी थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया था कि फिलहाल विधायकी खत्म करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। काबिले गौर है कि 21 मई को ही कंवरलाल मीणा ने कोर्ट के सामने सरेंडर किया था।

कंवरलाल मीणा ने सुप्रीम कोर्ट में सजा स्थगित करने की याचिका लगाई थी, जो खारिज हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह में सरेंडर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 21 मई को कंवरलाल ने अकलेरा कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया। कंवरलाल अभी जेल में हैं।

लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा की जीत- जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कियह सत्य की जीत हुई है। संविधान की जीत हुई है। जिस संविधान की पालना पहले ही दिन हो जानी चाहिए, इसकी पालना करते-करते इन लोगों ने 23 दिन लगा दिए। कानून के अनुसार जब किसी जनप्रतिनिधि को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है, तो उसकी सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जानी चाहिए। हालांकि राजस्थान में भाजपा विधायक कंवरलाल को तीन साल की सजा होने के बाद भी कोर्ट के आदेश के 23 दिन बाद तक, विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सदस्यता रद्द नहीं की गई। यह न केवल संविधान की अवहेलना थी, बल्कि न्याय व्यवस्था का खुला अपमान भी।

सजा पर रोक नहीं लगने से विधायकी खत्म करने के अलावा विकल्प नहीं

विधानसभा सचिवालय ने कंवरलाल को नोटिस जारी कर 7 मई तक जवाब मांगा था। इसमें सजा पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत मिली या नहीं, इस पर जवाब देना था। कंवरलाल की सजा सुप्रीम कोर्ट ने भी स्थगित नहीं की, इसलिए अब स्पीकर के पास विधायकी खत्म करने पर फैसला करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। विधानसभा में अब 199 विधायक हैं। अंता सीट खाली हो गई है।

जर्मनी में बोले विदेश मंत्री: आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

भारत अब परमाणु धमकियों से डरने वाला नहीं- जय शंकर

बर्लिन/एजेंसी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और परमाणु ब्लैकमेल' के आगे कभी नहीं झुकेगा। अपने जर्मन समकक्ष जोहोन वेडफुल के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय तरीके से ही निपटेगा और इस मामले में किसी भी तरफ से कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई के तुरंत बाद मैं बर्लिन आया हूं। मैं आपको वह बात बताना चाहता हूं जो मैंने वाडेफुल से कही। भारत आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस रखता है। भारत कभी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। भारत पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय तरीके से निपटेगा। इस बात को लेकर किसी तरह का कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद कूटनीतिक स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। उस हमले में 26 लोग मारे गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक 'नया सामान्य' (न्यू नॉर्मल) घोषित किया है, जिसके तहत भारत अब किसी भी सीमा पार आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध का कदम मानेगी। इससे पहले, जयशंकर ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से भी मुलाकात की और बातचीत में कहा कि भारत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए जर्मनी की सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के अंतिम पड़ाव में बर्लिन में हैं। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज बर्लिन में चांसल फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग को भूमि आवंटन की दी स्वीकृति

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में ईआरसीपी परियोजना (रामजल सेतु लिंक परियोजना) के कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से वन भूमि प्रत्यावर्तन के तहत बारां व अलवर जिलों में 1102.72 हैक्टेयर भूमि वन विभाग को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी के अंतर्गत निर्माणाधीन रामगढ़ व महलपुर बैराज और नवनेरा- गलवा- बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत बैराज निर्माण के कार्य से प्रभावित वन भूमि के प्रत्यावर्तन के लिए वन विभाग को भूमि आंवटन के चार प्रस्तावों का अनुमोदन किया है। इस निर्णय के अनुसार बारां जिले की किशनगंज तहसील में 427.59 हैक्टेयर, छबड़ा तहसील में 284.09 हैक्टेयर, छीपाबड़ौद तहसील में 362.95 हैक्टेयर व अलवर जिले में आरक्षित भूमि कोष से 28.08 हैक्टेयर गैर-वन भूमि वन विभाग को निःशुल्क आवंटित की जा रही है।

राज्य सरकार को 'सुप्रीम' फटकार: सिर्फ कोटा में सुसाइड क्यों?

नई दिल्ली।

आए दिन राजस्थान के कोटा से स्टूडेंट्स की ओर से आत्महत्या की खबर सामने आती रहती है। इसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अब राज्य सरकार को फटकार लगाई है और स्थिति को गंभीर बताया है। न्यायमूर्ति जेपी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक शहर से 14 आत्महत्या के मामले सामने आ चुके हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकील से पूछा कि एक राज्य के रूप में आप क्या कर रहे हैं? न्यायाधीश ने कहा कि ये बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं और केवल कोटा में ही क्यों? क्या आपने एक राज्य के रूप में इस पर विचार नहीं किया? हालांकि, वकील ने जवाब देते हुए कहा कि आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए राज्य में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा खड़गपुर में पढ़ने वाले छात्र की मौत के मामले में सुनवाई कर रहा था। 4 मई को छात्र अपने छात्रावास के कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया था। एक अन्य मामले की भी सुनवाई हुई, जिसमें एक लड़की नीट की परीक्षा देने वाली थी और वह कोटा में अपने कमरे में लटकी मिली थी। लड़की अपने माता-पिता के साथ रहती थी। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ को पता चला कि आईआईटी खड़गपुर के छात्र के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन 8 मई को दर्ज की गई एफआईआर में चार दिन की देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल भी उठाया। पीठ ने कहा कि इन बातों को हल्के में न लें। यह बहुत गंभीर बातें हैं। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के 24 मार्च के उस फैसले का हवाला दिया, जिसमें उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के लगातार मामलों पर ध्यान दिया गया था और छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया गया था। पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज करना जरूरी है। पीठ ने अदालत में मौजूद संबंधित पुलिस अधिकारी से पूछा कि आपको एफआईआर दर्ज करने में चार दिन क्यों लगे?

भारत के दुश्मनों की अब खैर नहीं

कुशा प्रोजेक्ट से और मजबूत होगा डिफेंस सिस्टम

नई दिल्ली।

हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान भारतीय डिफेंस सिस्टम ने बेहतरीन ढंग से काम करते हुए पाकिस्तान की ओर से भेजे गए सारे ड्रोन्स और मिसाइल को नष्ट कर पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया था। रूसी S-400 ने प्रभावशाली काम करते हुए पाकिस्तानी ड्रोन्स को हवा में ही नाकाम कर हमले के प्रयास को विफल कर दिया था। अब भारत अपना खुद का स्वदेशी मिसाइल डिफेंस सिस्टम तैयार करने पर काम कर रहा है। आकाश जैसी एअर डिफेंस सिस्टम बनाने वाली एक प्रमुख रक्षा क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड प्रोजेक्ट कुशा के तहत एस 400 की तरह ही स्वदेशी लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम बनाने में जुट गई है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी का लक्ष्य 12 से 18 महीने में प्रोटोटाइप को पूरा करना है, उसके बाद उपयोगकर्ता परीक्षण होंगे, जो 12 से 36 महीने तक चल सकते हैं। प्रोजेक्ट कुशा का नेतृत्व DRDO कर रहा है और इसका उद्देश्य एक ऐसा सिस्टम बनाना है जो ड्रोन, विमान और मिसाइल जैसे विभिन्न हवाई खतरों को मुकाबला कर सके।



बीईएल के अध्यक्ष का बयान

बीईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने कहा कि हम डीआरडीओ के साथ विकास साझेदार हैं और संयुक्त रूप से कुशा की कई सिस्टमों को बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसमें मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के रडार और नियंत्रण प्रणालियां विकसित की जा रही है। प्रोजेक्ट कुशा के अलावा, बीईएल क्रिक रिएक्शन सरफेस-टू-एअर मिसाइल सिस्टम पर भी काम कर रहा है। कंपनी को इस परियोजना के लिए 30,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जो भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त आवश्यकताओं को पूरा करेगा। बीईएल की ओर से बनाई गई आकाश मिसाइल प्रणाली ने बेहतरीन प्रदर्शन कर हालिया सफलता से ध्यान आकर्षित किया है। आकाश एक वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग सिस्टम है जिसे विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए विकसित किा गया है। यह कई हवाई लक्ष्यों की वास्तविक समय की निगरानी और संलग्नता को सक्षम बनाता है और सेंसर और हथियार प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक ही ढांचे में एकीकृत करता है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

अनाधिकृत कट्स एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही करते हुए यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाएं - जिला कलक्टर

हाईवे के साथ-साथ लोकल सड़क मार्गों पर भी दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक सुधार करें, हमारा उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना- जिला पुलिस अधीक्षक

मरुधर विशेष

कोटपूतली-बहरोड़7(सीताराम गुप्ता) जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक दुष्यंत राजन भी मौजूद रहे.

बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं और सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं और इसके कारणों पर गहराई से चर्चा की गई। इस दौरान ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, ब्लैक स्पॉट, यू-टर्न, साइन बोर्ड, यातायात नियमों के बारे में प्रचार-प्रसार करने, आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए.

जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा एक्टिविटी पर फोकस रखते हुए हाईवे के मध्य अनाधिकृत समस्त कट्स एवं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन्हें बंद करने के निर्देश दिए, साथ ही सर्वे कर दुर्घटना संभावित स्थानों, अनाधिकृत पार्किंग को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा जिससे की सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके. उन्होंने सड़कों की मरम्मत, नेशनल हाईवे पर आवश्यक स्थानों पर हेल्प लाइन नंबर प्रदर्शित करने, आईआरडीए ऐप पर दर्ज ब्लैक स्पॉट की स्थिति के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए. उन्होंने स्थानीय आवश्यकता व दुर्घटना कारणों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को हाईवे के मद्देनजर किसी प्रकार के हादसे की स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए. उन्होंने मानसून से पहले सड़कों की स्थिति में सुधार के प्रयासों में गति लाने को कहा.

जिला पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए कि हाईवे पर निरीक्षण कमिटी द्वारा सर्वे कर नए दुर्घटना संभावित क्रॉसिंग पॉइंट्स व ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर सुधार करें, आवश्यक स्थानों पर फेंसिंग या अवरोधक, साइनेज बोर्ड, डिवाइडर, रिफ्लेक्टर, पिलर्स लगवाया जाना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि एनएचएआई अधिकारी हाईवे, फ्लाईओवर आदि के निर्माण से पहले गहन सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करें जिससे भविष्य में ट्रैफिक की समस्या नहीं हो, हाईवे पर रात्रि में कार्य के दौरान दुर्घटना से बचने के लिए साइनेज लगवाए. उन्होंने कहा कि कागजी कार्यवाही के साथ जमीनी स्तर पर भी सुधार देखने के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें, हाईवे के साथ- साथ एमडीआर, ग्रामीण सड़कें व अन्य सड़क मार्गों पर भी सर्वे कर दुर्घटना संभावित स्थानों का चयन कर संबंधित एजेंसियों को पाबंद करते हुए आवश्यक सुधार करें. हमारा उद्देश्य हर हाल में दुर्घटनाओं में कमी लाना है, इसके लिए त्वरित एक्शन प्लान की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर, ट्रॉली, डंपर, ट्रक व अन्य माल वाहक वाहनों की पीछे विभिन्न विभाग कार्ययोजना बनाकर टीम के साथ रिफ्लेक्टर टेप लगवाना सुनिश्चित करें. पशुओं से होने वाले ऐक्सिडेंट में कमी लाने के लिए उनके सिंघियपर रिफ्लेक्टर टेप लगाएं.

इस दौरान अधीक्षण अभियंता पीडब्लयूडी रामावतार कुमावत ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी. बैठक में उपस्थित अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एनएचएआई अधिकारी रविन्द्र कुमार, राहुल कुमार, जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार सैनी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में सुझाव दिए।

कस्बे के आदिनाथ जैन मंदिर में बारह दिवसीय संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ

मरुधर विशेष

कठूमर (दिनेश लेखी)। कस्बे के आदिनाथ जैन मंदिर में बारह दिवसीय संस्कार शिविर श्री दिगम्बर श्रवण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। शिविर में 27 बच्चे जैन दर्शन से सम्बंधित गतिविधियां सीख रहे हैं ?। जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश सौंख व मंत्री नरेश बैनाडा ने बताया कि इस मौके पर भगवान महावीर, आचार्य विद्यासागर जी, आचार्य वसुनंदी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष विजयपाल जैन व कैलाश चंद जैन ने बच्चों से संस्कारित व जिन शासन की शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षिका विदुषी जैन का समाज की ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर शीतल जैन, पारस जैन, महिला अध्यक्ष इन्द्रा जैन, अर्चना जैन, नेहा टिटपुरी, मालती जैन, सुशीला जैन आदि मौजूद थे।

पदभार ग्रहण कर एसपी ने कार्यालय की सभी शाखाओ का किया निरीक्षण

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) : नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने आज पदभार ग्रहण कर कार्यालय सभागार में क़ानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के बाद कार्यालय की सभी शाखाओ का निरीक्षण कर समस्त शाखा प्रभारियों एव उपस्थित स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । अभय कमांड सेंटर में संचालित आपातकालीन हेल्पलाइन "Dial 112" की जानकारी ली तथा हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के रिस्पांस टाइम का लिया फीडबैक। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जनेश तंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक SIUCAW नीलम चौधरी, सीओ सिटी मीनाक्षी, सीओ एससी/एसटी रणवीर साईं, डीएसटी प्रभारी लालबहादुर चंद्र , अपराध सहायक राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे ।

अवैध खनन रोकथाम के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन

खनन, पुलिस, परिवहन व वन विभाग आपसी समन्वय से अवैध खनन की रोकथाम के लिए सजगता से कार्य करें- जिला कलक्टर

अवैध खनन की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग सदैव तत्पर - जिला पुलिस अधीक्षक

मरुधर विशेष

कोटपूतली-बहरोड़, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में अवैध खनन की रोकथाम हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया. इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक दुष्यंत राजन भी मौजूद रहे. जिला कलक्टर ने जिले में अवैध खनन / निर्गमन की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाकर अवैध खनन/निर्गमन पर सतत् निगरानी रखये हुए अवैध खनन में लिप्त लोगों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि खनन माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करें और कानून की सख्ती से पालना सुनिश्चित करें. उन्होंने यह भी कहा कि अब अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाया जाए. उन्होंने अवैध खनन की रोकथाम हेतु संयुक्त टीम बना कर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, वन, परिवहन और खनन विभाग को आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लग सके. जिला कलेक्टर ने नियमानुसार पट्टाधारियों द्वारा खनन कार्य करने और पर्यावरण संतुलन हेतु अधिकाधिक पौधारोपण करने को कहा.

जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध खनन की प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस विभाग के समन्वय एवं सहयोग से अवैध खनन के संभावित स्थानों एवं नाकों पर चेक पोस्ट स्थापित करें, अवैध खनन के संभावित मार्गों पर बड़े गड्ढे करवाएं जिससे वाहनों का आवागमन नहीं हो सके, सतत् निगरानी कर सख्त कार्यवाही करें, नियमानुसार जुर्माना लगाकर अवैध खनन में संलिप्त वाहनों व मशीनरी को ज़ब्त करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग सूचना मिलने पर और औचक तरीके से आपस में समन्वय कर सम्मिलित कार्यवाही करें, रास्तों को चिन्हित कर प्लानिंग के साथ कार्यवाही करें. उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन अवैध खनन की रोकथाम हेतु गंभीर है और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस जाब्ता भी उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इस दौरान सहायक खनि अभियंता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटपूतली (सदस्य सचिव) पुष्पेन्द्र सिंह ने विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों एवं कार्ययोजना के बारे में बताया. इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

शाहजहांपुर वाणिज्य कर चेक पोस्ट के पास गुरुवार रात्रि को रोड पर खड़े डंपर से कंटेनर टकराया कंटेनर चालक हुआ घायल

अस्पताल में इलाज जारी

मरुधर विशेष

शाहजहांपुर (सुनील मेघवाल) शाहजहांपुर वाणिज्य कर चेक पोस्ट के पास दिल्ली से जयपुर रोड पर खड़े डंपर से गुरुवार रात्रि को कंटेनर टकरा गया। कंटेनर टकराने के बाद डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत यह रही की डिवाइडर से दूसरे रोड पर नहीं पहुंचा जिससे बड़ा हदसा होते टल गया।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पेट्रोलिंग ड्यूटी इंचार्ज प्रमोद कुमार ने बताया कि रात्रि को रोड के किनारे खड़े डंपर से दिल्ली की तरफ से जयपुर की ओर जा रहे कंटेनर के भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान कंटेनर चालक घायल हो गया ।एम्बुलेंस के द्वारा घायल चालक को शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां उसका इलाज चल रहा है गनीमत यह रही कंटेनर चालक को अधिक चोट नहीं आई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति हो गई थी लेकिन हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में कराकर हाईवे को सुधारु रूप से चालू रखा गया।

प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए नमूने सबस्टैण्डर्ड पाए, एडीएम न्यायालय में तीन केस प्रस्तुत

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित रूप से सैंपल लिए जा रहे हैं। विभाग की ओर से लिए जाने वाले सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद ऐसे संस्थानों के नाम व खाद्य सामग्री के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं, जो अनसेफ व सबस्टेंडर्ड मिले हैं। पूर्व में संग्रहित किए गए खाद्य सामग्री की जांच में सबस्टैण्डर्ड पाई गई दो खाद्य सामग्री एवु खुले में मसाले बेचने पर व्यापारिक फर्मों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया कर दिया गया है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग एवं रफीक मोहम्मद की ओर से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल्स की रिपोर्ट आई है, जिसमें सबस्टैंडर्ड पाए जाने वालों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं ताकि आमजन जागरूक बन सकें एवं ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि पूर्व में लैब रिपोर्ट में सबस्टैण्डर्ड पाए गए नमूनों के संबंध में खाद्य व्यवसायी के विरुद्ध अभियोजन पेश करने की प्रक्रिया तीव्रता से की जा रही है। इसी क्रम में हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित मै. गुरु अर्जुन देव किरयाना स्टोर द्वारा खुले में धनिया पाउडर विक्रय करने पर नियमों के उल्लंघन पर फर्मों के संचालकों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है। इसी प्रकार नोहर स्थित मै. न्यू चंदगीराम मिष्ठान भण्डार से दही एवं भादरा स्थित मै. बाबा पनीर से पनीर का सैम्पल जांच रिपोर्ट में सबस्टैण्डर्ड पाए जाने पर फर्मों के संचालकों के खिलाफ एडीएम न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है।

यहां दें जानकारी

डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्यस्तरीय व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर दें, ताकि जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैंपल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी शुद्ध, बिना मिलावटी और एक्सपायरी डेट आदि देखकर ही खाद्य पदार्थों का बेचान करें।

पुलिसकर्मी को मिला मोबाइल, मालिक को लौटाया

मरुधर विशेष

तिजारा। कस्बे के उप जिला स्वास्थ्य केंद्र रोड पर मिष्ठान भंडार के निकट पुलिसकर्मी पूर्ण सिंह को सिग्मा पर गश्त करते समय रास्ते में एक मोबाइल पड़ा मिला । पुलिस कर्मी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए फोन मालिक को लौटाया। रमेश चंद्र वार्ड 15 में रहता है । सामान लेने के लिए आया हुआ था।तब मोबाइल गिर गया था।

मानस नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा बैठक, ई-शपथ दिलवाने का लक्ष्य निर्धारित 23 नशा मुक्त ग्राम पंचायत चिह्नित

अधिकारियों को नियमित रूप से नशा मुक्ति केंद्रों और मनोरोग क्लिनिकों का निरीक्षण करने के निर्देश

183 नशा मुक्ति शिविरों का आयोजन

मानस हेल्पलाइन 1933 का व्यापक प्रचार करने के निर्देश

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम): जिला कलेक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को मानस नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने ई- शपथ, खेल गतिविधियों, नशा मुक्ति शिविरों, हेल्पलाइन के प्रचार- प्रसार इत्यादि को लेकर समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी नशा मुक्ति केंद्रों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खेल गतिविधियों, चिकित्सा एवं परामर्श शिविरों तथा अन्य आयोजनों में भाग लेने वाले नागरिकों को अधिक से अधिक ई-शपथ दिलवाई जाए। समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपनी विभागीय बैठकों में मानस अभियान की नियमित समीक्षा करें। नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों का नियमित फॉलोअप लिया जाए। साथ ही, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निर्देशित किया कि सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों के साथ किसी भी निजी केंद्र की अनुमति नहीं दी जाए।

नियमित करें नशा मुक्ति केंद्रों और मनोरोग क्लिनिकों का निरीक्षण

जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा उपखण्ड अधिकारियों को नियमित रूप से नशा मुक्ति केंद्रों और मनोरोग क्लीनिकों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फोटो मिलान, स्टाफ व संसाधनों की जांच हो तथा टेलीफोन से मरीजों का पुनः सत्यापन किया जाए। प्रत्येक माह आयोजित होने वाले नशा मुक्ति चिकित्सा एवं परामर्श शिविरों का ग्राम विकास अधिकारी, आशा, एएनएम तथा अन्य माध्यमों से प्रचार- प्रसार किया जाए। प्रत्येक माह एसडीएम, तहसीलदार एवं बीडीओ अपने क्षेत्र में आयोजित एक-एक शिविर का निरीक्षण करें।

183 नशा मुक्ति शिविरों का आयोजन

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने जानकारी दी कि अभियान के तहत जिले में अब तक 183 नशा मुक्ति शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 4216 नशाग्रस्त मरीजों का उपचार किया गया है। इनमें से 1184 मरीजों की काउंसलिंग की गई, जबकि 167 मरीजों ने नशा पूरी तरह छोड़ दिया है। चिट्टा व मेडिकेटेड नशे से पीड़ित 1538 मरीजों का भी उपचार किया गया। औषधि नियंत्रण अधिकारियों को गत वर्ष की तुलना में अधिक सीजिंग कार्रवाई करने एवं नशा बेचने वाले मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।

मानस हेल्पलाइन 1933 का हो व्यापक प्रचार

जिला कलेक्टर ने समस्त जिला अधिकारियों को "1933" मानस हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस हेल्पलाइन पर कोई भी व्यक्ति नशे से संबंधित अवैध गतिविधियों की सूचना गोपनीय रूप से दे सकता है। वॉल पेंटिंग में 1933 नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करवाया जाए। बैठक में पंचायती राज, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वायत्त शासन, पुलिस, राजकीय महाविद्यालय, शिक्षा, रिको, आबकारी, वन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में 23 नशा मुक्त ग्राम पंचायतें चिह्नित

जिला परिषद सीईओ श्री ओपी बिश्नोई ने बताया कि अब तक 23 ग्राम पंचायतों को "नशा मुक्त ग्राम पंचायत" के रूप में चिह्नित किया गया है। जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अगली समीक्षा बैठक से पूर्व प्रत्येक एसडीएम अपने क्षेत्र में तीन-तीन ग्राम पंचायतें तथा तीन-तीन शहरी वार्डों को "नशा मुक्त" करने का प्रयास करें। इन स्थानों पर वॉल पेंटिंग कर सूचना प्रदर्शित की जाए तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

आंगनबाडियों में हो रहा वॉल पेंटिंग और नारा लेखन कार्य

महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले की 1248 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 934 पर नशा मुक्ति से संबंधित वॉल पेंटिंग एवं नारा लेखन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला कलेक्टर ने शेष केंद्रों पर यह कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

जालावास मनेठी में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



मरुधर विशेष

मुंडावर (रमेशचंद) मुंडावर उपखंड के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जालावास मनेठी में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम आने पर ग्रामवासियों ने मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर कुमारी दिव्या प्रपौत्री छाजूराम मेघवाल ने सम्पूर्ण ब्लॉक में राजकीय विद्यालयों में सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रामवासियों ने सार्वजनिक चौपाल पर मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का सम्मान किया।विद्यालय के शानदार शैक्षणिक वातावरण और स्टाफ सदस्यों की मेहनत की प्रशंसा की गई। ग्रामवासियों ने आह्वान किया कि अधिकाधिक विद्यार्थियों का प्रवेश राजकीय विद्यालय में करवाएं और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम

कक्षा 12 कला वर्ग के परिणाम में जालावास मनेठी के राजकीय विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर मुस्कान पुत्री रोशनलाल और कुमकुम पुत्री महेश सोनी ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दयाराम यादव विद्यालय की एसएमसी के अध्यक्ष सरजीत सिंह,रमेश चंद्र, भगवान दयाल बाबुजी,श्योचंद ,जगदीश,सत्यवीर, ओमप्रकाश, नरेंद्र, नवल, महिपाल, शेरसिंह, सुभाष, बहादुर सिंह आदि अनेक गणमान्य नागरिक और ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि विगत कई वर्षों से विद्यालय के परीक्षा परिणामों में गुणवत्ता बढ़ती जा रही है। विद्यालय में श्रेष्ठ शैक्षणिक और भौतिक वातावरण उपलब्ध है।शिक्षक सुनील कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। व सभी को प्रसाद वितरित किया। ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम से सम्पूर्ण ग्रामवासियों में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है।

बोर्ड परीक्षा परिणाम में आरसीआई के विद्यार्थियों ने बाजी मारी, स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया

मरुधर विशेष

बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर।राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इसमें आरसीआई स्कूल बानसूर के विद्यार्थियों ने नगर पालिका में टॉप किया है। छात्रा बबीता यादव पुत्री रामावतार यादव ने 98.20% अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर तथा बानसूर कस्बे में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा नंदिनी शर्मा पुत्री अजय कुमार शर्मा ने राजस्थान बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में 98.00% प्राप्त करके बानसूर तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अनुष्का सैनी पुत्री सुभाष सैनी ने फाउंडेशन के साथ-साथ 97% अंक प्राप्त करके क्षेत्र में फाउंडेशन के साथ-साथ कक्षा बारहवीं की टॉपर रही। कला वर्ग से ज्योति बाई पुत्री सुनील कुमार ने 97% अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर कला वर्ग की टॉपर छात्रा रही।

तमन्ना मांड्या 96.60%, तन्वी यादव ने 96%, अंकिता ने 95%, दीक्षिता ने 95%, पलक स्वामी ने 94.80%, कशिश यादव ने 94.80% ,मोनिका कुमावत ने 94.60%, शुभम सिंह ने 94.60%, मीना कुमारी 94.60% विशाखा शर्मा 94.60%, आदित्य कुमार 94%, संगीत मीणा 94%, आशा यादव 93.80%, नवीन सैनी 93.80%, अंशिमा गोयल 93.80%, अक्षय कुमार 93.60 प्रतिशत ,कोमल गुर्जर 93.40%, ललित स्वामी 93.40%, पूजा 93.40%, चिनाक्षी 93.20%, महक यादव 93.00 प्रतिशत, आरती 93% ,पूजा सैनी 93% अंक प्राप्त किये।

90% या उससे अधिक 53 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए।

89% से अधिक 68 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 85% तथा इससे अधिक 122 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त करके क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। सभी टॉपर्स विद्यार्थियों के लिए आरसीआई के फाउंडेशन ब्लॉक में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को माला, साफा, आरसीआई का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। अभिभावक तथा विद्यार्थियों को आरसीआई के बैग देकर तथा लड्डू खिलाकर बधाई दी गई। अभिभावकों तथा विद्यार्थियों ने आरसीआई स्टाफ तथा मैनेजमेंट टीम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर विजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्टाफ और मैनेजमेंट टीम को शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। नगर पालिका की टॉपर छात्रा बबीता यादव ने अपनी सफलता का राज नियमित चार-पांच घंटे अध्ययन करना, सोशल मीडिया से दूर रहना तथा अध्यापकों द्वारा बताई गई प्रत्येक बात को ध्यान से सुनकर उसे याद रखना बताया। साथ ही उसने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल डायरेक्टर, मैनेजमेंट टीम, समस्त स्टाफ तथा अपने अभिभावकों को दिया । इस अवसर पर सह निदेशक भूप सिंह, प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद, मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, वाइस प्रिंसिपल रवि कुमार फाउंडेशन ब्लॉक इंग्लिश मीडियम तथा हिंदी मीडियम ब्लॉक के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता, दिव्यांग को हाथों हाथ करवाया आवेदन, तत्काल जारी हुई पेंशन स्वीकृति

फिंगरप्रिंट न आने के कारण नहीं मिल पा रहा था पेंशन योजना का लाभ

मरुधर विशेष

कोटपूतली-बहरोड़। (सीताराम गुप्ता) जिला प्रशासन कोटपुतली बहरोड़ आमजन की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है। इसका उदाहरण गुरुवार को सामने आया जब जिला कलक्टर ने न केवल महीपाल का पेंशन आवेदन करवाया बल्कि तत्काल स्वीकृत भी करवाया। महीपाल, जो एक निर्धन एवं दिव्यांग व्यक्ति हैं अपने परिवार, पत्नी और तीन वर्षीय पुत्र के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। लगभग दो वर्ष पूर्व उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु आवेदन करने का प्रयास किया, परंतु फिंगरप्रिंट न आने के कारण उनका आवेदन तकनीकी अड़चनों में उलझ गया। तहसील नीमराना के ग्राम कायसा के निवासी 38 वर्षीय महीपाल एक गंभीर दुर्घटना में अपनी उंगलियों के फिंगरप्रिंट गंवा चुके थे। फिंगरप्रिंट नहीं आने के कारण उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने बताया कि महीनों तक उन्होंने ई-मित्र केन्द्रों, पंचायत समिति कार्यालयों और तहसील के चक्कर लगाए, लेकिन समाधान नहीं मिला।

अंततः गुरुवार को उन्होंने अपनी समस्या को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ उनकी बात सुनी और तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देते हुए पंचायत समिति नीमराना के विकास अधिकारी नरेन्द्र शर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल को प्रकरण का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार सहायक विकास अधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए महीपाल की पास के ई-मित्र केन्द्र पर जनआधार की श्व-चक्षुष्ट प्रक्रिया करवाई। आधार, जनआधार एवं बैंक विवरण संकलित कर उनका सामाजिक सुरक्षा पेंशन आवेदन न केवल स्वीकृत करवाया गया, बल्कि पेंशन स्वीकृति आदेश भी तत्काल जारी करवा दिया गया। महीपाल ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

जाड़ला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने रचा कीर्तिमान



प्रांजलि

सुमन शर्मा

उजाला

मरुधर विशेष

कठूमर (दिनेश लेखी)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाड़ला की छात्रा प्रांजलि शर्मा पुत्री प्रकाश चंद शर्मा ने 94.60% अंक प्राप्त करके अपने क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ में उजाला ने 92.80% और सुमन शर्मा ने 90.80% अंक प्राप्त करके पूरे विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य दीपचंद कोली ने बताया कि विधालय में छात्राओं ने सफलता के इस परचम से यह साबित कर दिया है की प्रतिभाएं कहीं भी छुपी हुई नहीं रहती। उन्होंने शिक्षा के जगत में बालिकाओं को नए आयाम छूने का संदेश दिया है । वही पुष्पेंद कुमार राजोरिया ने हमेशा विद्यालय के प्रति समर्पित भाव से कार्य किया है और बालिका शिक्षा को बढ़ाने का बहुत ही अच्छा संदेश छात्राओं ने दिया है। इस मौके पर नवीन शर्मा , मानसिंह गुर्जर, योगेश कुमार मीणा, पुष्पेंद्र कुमार राजोरिया, राजेंद्र सिंह, उमेश कुमार मीणा, गिर्राज प्रसाद बेरवा, रघुवीर सिंह चौधरी, बल्लू राम मीणा सहित समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटपूतली (अंग्रेजी माध्यम) ने रचा इतिहास -

उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों का हुआ भव्य सम्मान समारोह

मरुधर विशेष

कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता) शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटपूतली (अंग्रेजी माध्यम) ने इस वर्ष अपने अंग्रेजी माध्यम के पहले 12वीं कक्षा के बोर्ड बैच में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि, "यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित वातावरण का साक्ष्य भी है। जिस प्रकार हिंदी माध्यम में हर वर्ष विद्यालय श्रेष्ठ परिणाम देता आया है, उसी परंपरा को अंग्रेजी माध्यम में भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है।" विज्ञान वर्ग में छात्रा अंशु सैनी 94.80% , कला वर्ग में छात्र पारुल 80% तथा वाणिज्य वर्ग में छात्र आशीष अपने - अपने संकाय में स्कूल टॉपर बने। 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुष्पमालाओं से अलंकृत किया गया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की 18 छात्राएं गार्गी पुरस्कार के लिए पात्र हैं। हर चेहरा गर्व, आत्मविश्वास और उपलब्धि की चमक से दमक रहा था। इस प्रेरणास्पद अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य - अंजू यादव, सुरेंद्र कुमार सैनी, संदीप जागिड़, रामनिवास यादव, मुकेश कुमार जाट, शिवकुमार मीणा, जयराम यादव सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं के अभिभावक जिनमें जे पी कोटिया व सोमदत्त सैनी आदि की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम के अंत में यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके सतत उत्कर्ष की कामना की। विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प भी लिया गया कि आगामी वर्षों में भी यह उत्कृष्टता की परंपरा और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ेगी।

नगर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना का पराक्रम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा-बेढ़म

मरुधर विशेष

संवाददाता सलीम खान डीग, -। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य के सम्मान में नगर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यह तिरंगा यात्रा डीग चुंगी से शुरू होकर मोरी मोहल्ला, मेन बाजार, जलेबी चौक, मेला ग्राउंड से होते हुए अलवर चौराहे पर समाप्त हुई।

गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि भारतीय सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश जो पहले भारत को आंख उठाकर देखा करते थे वो आज भारत के खिलाफ किसी भी प्रकार का दुस्साहस करने से कतराते है। उन्होंने कहा कि नगर में आयोजित यह 1 किलोमीटर लंबी जन सैलाब यात्रा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और भारतीय सेना के साथ भारत के लोग कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। आज इस राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम पूरे देश को यह संदेश देना चाहते हैं कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, यह हमारे शौर्य, बलिदान और अस्मिता का प्रतीक है। जब यह तिरंगा लहराता है, तो हर भारतवासी की छाती गर्व से चौड़ी हो जाती है। इस अवसर पर श्री बेढ़म ने कहा कि हम सभी ने बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम, और हर नागरिक के हृदय में उठता राष्ट्रभक्ति का वह ज्वार प्रत्यक्ष देखा हैं। आज जब हम हमारे जवानों के शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जयघोष कर रहे हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह सिर्फ़ सेना ही नहीं बल्कि भारत की हर मां, बहन और बेटी की जीत है। यही नारीशक्ति राष्ट्र की अदृश्य शक्ति बनकर, सैनिकों के हौसले की सबसे ऊँची पराकाष्ठा बन गई। जिस प्रकार हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, वह इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उन माताओं के, बहनों के सिंदूर की रक्षा की प्रतिज्ञा थी, जिनके बेटे सरहद पर तिरंगे की रक्षा में मुस्तैदी से तैनात हैं। आज हम सभी भारत माता की रक्षा में दिन-रात समर्पित हमारी थल सेना, वायु सेना, नौसेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बलों और हमारी खुफिया एजेंसियों को, हमारे वैज्ञानिकों को नमन करते हैं।

कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर फूल माला पहनाकर कर उनका स्वागत अभिनंदन किया

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

कुशलगढ़: महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुशलगढ़ में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा अर्जित उपलब्धि एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु उनका सम्मान किया गया सर्वप्रथम मां शारदे को दीप प्रज्वलित कर मां शारदे की पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात समस्त कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर फूल माला पहनाकर कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया और उनको शुभकामनाएं प्रेषित की गई इस कार्यक्रम में महावीर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रशांत नाहटा स्कूल के प्रिंसिपल अर्जुन सिंह बारोट वाइस प्रिंसिपल मेघा जैन स्कूल के मैनेजर वसुंधरा राठौर व समस्त विद्यालय के शिक्षक शिक्षका भी उपस्थित रहे विद्यालय द्वारा लगातार 7 वर्षों से नगर में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिए जा रहे हैं और इसी उपलब्धि में इस वर्ष की उपलब्धि को बढ़ाते हुए 12वीं कक्षा में इस वर्ष विज्ञान संकाय में 44 छात्र छात्राएं नामांकित थे समस्त छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जो संपूर्ण नगर के लिए गौरव की बात है साथ ही 10 छात्र-छात्राओ द्वारा 90% से अधिक अंक अर्जित कर प्रथम से लेकर के पांचवें पायदान पर भी महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ही बाजी मारी जिसमें भव्य दोषी 95.40% , भव्य सिसोदिया 95.20% ,हर्षुल पंचाल 95.20% , काव्या पिंडारमा 94% अंक अर्जित किए और यह चारों छात्र-छात्राएं विज्ञान संकाय (गणित) से है विज्ञान संकाय (जीवविज्ञान)में भी ब्लॉक में महावीर पब्लिक स्कूल के द्वारा ही टॉप किया गया जिसमें कृत्य दोषी 92.60%, हर्षराज सिंह सिसोदिया 92.20%, मिशिका 92% संकेत पंचोली 91.60%, काव्य जैन 91.20% अर्जित किए गए साथ ही वाणिज्य संकाय में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए मिष्टी जैन 82%, हर्षित सोनी 81.40% हासिल कर विद्यालय में अग्रणी रहे पिछले 7 वर्षों से विद्यालय ने कुशलगढ़ क्षेत्र में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिये है प्रत्येक वर्ष यहीं से ब्लॉक टॉपर निकलता है जिसका संपूर्ण श्रेय यहां के प्रधानाध्यापक अध्यापक अध्यापिका छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को जाता है जिन्होंने अपने कार्यक्षमता और समर्पण भाव से नगर का गौरव बढ़ाया ।

आरआईएसई (रैपिड इम्यूनाईजेशन स्किल एनहंसमेंट) कार्यशाला का आयोजन

मरुधर विशेष

कोटपूतली, यहाँ के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में शुक्रवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर आरआईएसई (रैपिड इम्यूनाईजेशन स्किल एनहंसमेंट) कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य टीकाकरण कार्यक्रम के कवरेज, समानता व गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसमें वैक्सीन का रखरखाव किस तरीके से होता है, बच्चों के वैक्सीन कैसे लगाई जाती है, वैक्सीनेशन से पहले क्या तैयारियां की जाती है एवं अन्य सभी प्रकार के मॉडयूल एप पर उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने टीकाकरण की समीक्षा करते हुये बताया कि ब्लॉक कोटपूतली का टीकाकरण 82 प्रतिशत है जो कम से कम 95 प्रतिशत होना चाहिये। उन्होंने एनसीडी कार्यक्रम की प्रगति में सुधार करने के निर्देश प्रदान किये। जहां भी सुधार नहीं होगा उन अधिकारी/कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किये। आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल, डीएनओ रविकान्त जांगिड़ ने आरआईएसई एप के बारे में जानकारी दी। आरआईएसई एप का प्रशिक्षण चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. दिलीप पंवार व डॉ. अनिल यादव द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में बताया कि आईआईएसई एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर आई.डी. एवं पासवर्ड से लॉगिन करेंगे, उसके बाद मॉड्यूल स्टार्ट होंगे मॉडयूल को पढना है। विडियो को देखकर पूछे गये प्रश्न का जवाब देना होगा, यदि 70 प्रतिशत से कम अंक आने पर प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा। ब्लॉक स्तर से बीपीओ विजय तिवाड़ी, बीएनओ प्रेम प्रकाश सैनी ने टीकाकरण, 12 सप्ताह में एएनसी पंजीकरण, एएनसी की चार जाँचे, शिशु मृत्यु एवं एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान ब्लॉक कोटपूतली के समस्त एमओआईसी, नर्सिंग स्टॉफ, एलएचवी, एएनएम, सीएचओ आदि मौजूद रहे।

राउमावि कुशलगढ़ नोडल विद्यालय का परीक्षा परिणाम करीब शत-प्रतिशत रहा

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

कुशलगढ़:नोडल विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुशलगढ़ का परीक्षा परिणाम करीब शत-प्रतिशत रहा राउमावि कुशलगढ़ ब्लॉक का मुख्य विद्यालय है इसमें मल्टी फैकेल्टी मल्टी सब्जेक्ट का शिक्षण कार्य कराया जाता है इस विद्यालय में करीब 800 बच्चे अध्ययन रत है । कल जारी हुआ उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम विद्यालय का बेहतर रहा। इस विद्यालय में सभी फैकल्टी संचालित है जिसमें विज्ञान संकाय जिसका परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। कुल 76 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे जो सभी के सभी उत्तीर्ण हुए ।विज्ञान संकाय में देवांश कोठारी ने 86.80 प्रतिशत बनाकर पूरे विद्यालय को टॉप किया साथ हि भव्य मेहता विज्ञान संकाय से हि विद्यालय की सेकंड टॉपर रही। भव्य मेहता ने 85.40 परसेंट बनाकर लड़कियों में टॉपर रही। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा इसमें मैत्री त्रिवेदी ने 75% बनाकर टॉपर रही। विद्यालय में संचालित कृषि संकाय में कुल 60 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे एक परीक्षार्थी की पूरक आई है । कृषि संकाय का परीक्षा परिणाम 98.33 रहा। कला वर्ग में कुल 111 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए थे और

उस में से एक परीक्षार्थी के पूरक आई है। कला वर्ग का परीक्षा परिणाम 99.09 रहा है। कक्षा 12वीं में सभी फैकेल्टी के कुल 248 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए थे उसमें से प्रथम श्रेणी 138 द्वितीय श्रेणी 103 तृतीय श्रेणी 05 और दो परीक्षार्थियों के पूरक आई है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम ऑल ओवर करीब सत प्रतिशत रहा इसका श्रेय विद्यालय मैनेजमेंट सभी व्याख्याता ,अध्यापक अध्यापक बहनों का बेहतर शिक्षण कार्य बेहतर मोटिवेशन,बेहतर अनुशासन और डिजिटल कक्ष का शत प्रतिशत उपयोग करना रहा, सबके सामूहिक प्रयास से ब्लॉक के मुख्य नोडल विद्यालय का कक्षा 12 वी परीक्षा परिणाम करीब शत प्रतिशत रहा।यह जानकारी विद्यालय प्रभारी श्री लाल सिंह मईडा दी।

जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने टीकाकरण सत्रों का किया सघन निरीक्षण

389 गर्भवती महिलाओं एवं 1315 बच्चों का हुआ टीकाकरण

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, (प्रभु राम) मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन-डे) पर 22 मई गुरुवार को जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, आवश्यक टीके, निःशुल्क दवाइयां तथा उन्हें उचित खान-पान एवं पोषण संबंधी जानकारी भी दी गई। नवजात शिशुओं को भी टीके लगाए गए एवं आवश्यक ड्रॉप्स पिलाई गई। विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने एमसीएचएन-डे एवं कोल्ड चैन प्वाईंट का सघन निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में आज 389 टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें 389 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 1315 बच्चों का भी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण सत्र पर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ बीसीएमओ एवं मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी पीलीबंगा में टीकाकरण एवं कोल्ड चैन प्वाईंट की जांच की। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं और परिजनों को मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के विषय में बताया गया और सम्पूर्ण पोषण की जानकारी दी गई। टीकाकरण सत्रों के दौरान आशा सहयोगिनी और नर्सिंग स्टाफ ने उल्लेखनीय योगदान दिया। अन्य अधिकारियों ने कोल्ड चैन प्वाईंट का निरीक्षण किया गया एवं दवाओं के उचित रख-रखाव के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आरसीएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी ने पल्लू सीएचसी एवं नौरंगदेसर पीएचसी टीकाकरण सत्रों की जांच की। डीपीसी संदीप कुमार ने पल्लू, लक्खूवाली एवं ब्रह्मसर, हनुमानगढ़ बीसीएमओ डॉ. कुलदीप बराड़ ने अमरपुरा थेहड़ी, ढालिया एवं गाहडू का निरीक्षण किया। पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने डबलीराठान, नोहर बीसीएमओ डॉ. अशोक सहारण ने यूपीएचसी नोहर, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ ने संगरिया एवं दीनगढ़ में आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर्स ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण सत्रों की जांच

स्वास्थ्य केन्द्रों पर हुआ नियमित टीकाकरण का आयोजन

बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

मरुधर विशेष

कहा - समय पर हो टीकाकरण, आमजन को करें जागरूक

कोटपूतली(सीताराम गुप्ता) खण्ड कोटपूतली के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर गुरूवार को नियमित टीकाकरण का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं का नियमानुसार टीकाकरण किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य बेहद जिम्मेदारी के साथ सम्पादित किया जायें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायें। उन्होंने नियमानुसार टीकाकरण करने, सभी टीके समय पर लगाने, टीकों की ऑनलाईन यूविन एप व पीसीटीएस में एन्ट्री करने, साथ ही आरसीएच रजिस्टर में टीकों को इन्द्राज करने, एईएफआई किट, बायोवेस्ट मैनेजमेंट समेत अन्य सभी प्रकार की सावधानी बरतने के निर्देश दिये।

टीकाकरण के प्रति आमजन को किया जागरूक :- बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने आमजन को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि नियमित टीकाकरण से बच्चों में विभिन्न रोगों की रोकथाम की जा सकती है। सभी टीके समय पर लगवाने चाहिये। पोलियो राउण्ड के समय दी गई पोलियो की खुराक बच्चे को केवल पोलियो से सुरक्षित करती है, जबकि नियमित टीकाकरण के दौरान दिए गए अन्य टीके उसे टी.बी., डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटेनस, हेपेटाइटिस-बी, हिब, खसरा एवं पोलियो आदि रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

जिला कलक्टर ने की कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा सम्पर्क पोर्टल के प्रकरण निस्तारण में लापरवाही पर कृषि सहायक निदेशक को नोटिस

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़ , (प्रभु राम) जिला कलक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक डॉ. संजीव कुमार को प्रकरणों का समय पर निस्तारण नहीं करने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पोर्टल की मॉनिटरिंग करें और प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर ने डीएपी और यूरिया की मांग को गत वर्ष की तुलना में बढ़ाकर भिजवाने के निर्देश दिए। बीटी कपास बर्निंग से फसल को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी कर प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश भी दिए गए। पिछले दिनों रावतसर में पकड़े गई नकली डीएपी के प्रकरण में डीआईजी स्टाम्प की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर दुबारा जांच करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि फोरामेन टेप योजना के लक्ष्यों में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए तथा 1 से 15 जून के बीच योजना को धरातल पर उतारा जाए। सभी कंपनियों से क्षेत्रवार लक्ष्य तय कर कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा किसानों को प्रेरित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

डिग्गी और फार्म पॉण्ड कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

डिग्गी व फार्म पॉण्ड कार्यों में 100 प्रतिशत प्रगति नहीं होने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए संयुक्त निदेशक को जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। कार्य अधूरे रहने के कारणों की रिपोर्ट मांगी गई। राजीविका समूहों व बीपीएल परिवारों को मिनीकिट वितरण में वरीयता देने तथा ढेंचा बीज उत्पादन हेतु किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। एक वर्ष में सभी दुकानों से बीज, उर्वरक व कीटनाशी के सैम्पल लिए जाने के आदेश दिए गए। पूर्व में लिए गए अमानक सैम्पलों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी गई। जिला कलक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। उप निदेशक उद्यान विभाग को पीएम कुसुम योजना के लिए का अधिक से अधिक प्रचार करने तथा प्रत्येक कृषि पर्यवेक्षक को 5 सोलर कनेशन का लक्ष्य सौंपने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान योजना के तहत साइट चिह्नीकरण के निर्देश दिए गए।

नीमराना में तेज अंधकार से पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र के ग्रीन हाउस को हुआ भारी नुकसान

मरुधर विशेष

नीमराना(सुनील मेघवाल) बीती बुधवार रात 21 मई को क्षेत्र में तेज अंधकार ने भारी तबाही मचाई। अंधकार के कारण पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र नीमराना में फार्म पर स्थापित ग्रीन हाउस को गंभीर क्षति पहुंची है। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि ग्रीन हाउस की प्लास्टिक शीटिंग उड़ गई और संरचना भी कई स्थानों से टूट-फूट गई। संस्थान के निदेशक रणजीत यादव ने बताया कि ग्रीन हाउस में उगाई जा रही फसलें और उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और बीमा कंपनी को सूचना देकर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि यह ग्रीन हाउस आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था और किसानों को प्रशिक्षण हेतु उपयोग में लाया जाता था। निदेशक ने यह भी बताया कि सौभाग्यवश इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन संस्थान को आर्थिक क्षति जरूर हुई है।

अवैध मादक पदार्थो के निस्तारण को लेकर जिला पुलिस का विशेष अभियान

जिले के 06 पुलिस थानों ने 29 प्रकरणों में डोडा चूरा 751.826 किलोग्राम, गांजा 71.539 किलोग्राम, 1180 नग एल्प्राजोलाम टेबलेट जप्त

मरुधर विशेष

कोटपूतली(सीताराम गुप्ता) पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के 06 पुलिस थानों क्रमशः कोटपूतली, प्रागपुरा, बहरोड़, बानसूर, शाहंजहांपुर, नीमराणा द्वारा 29 प्रकरणों में डोडा चूरा 751.826 किलोग्राम, गांजा 71.539 किलोग्राम, 1180 नग एल्प्राजोलाम टेबलेट जप्त की गई। जप्तशुदा अवैध डोडा चूरा, गांजा व एल्प्राजोलाम टेबलेट को न्यायालय से भौतिक सत्यापन के बाद एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन में थाना सरूण्ड के अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया। जिले के 06 पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जप्तशुदा मादक पदार्थों की वजह से लबालब भरे पड़े थे, जिससे अन्य जप्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। इसके निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की एक्युटल शाखा मय कार्यालय स्टॉफ द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर रिकॉर्ड तैयार किया गया। उक्त कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यत, एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी कोटपूतली राजेन्द्र बुरडक, अपराध सहायक रणजीत सिंह सहित संबंधित 06 थानों के थानाधिकारी एवं मालखाना प्रभारी व एक्युटल शाखा, कार्यालय शाखा के कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई।

आज तसई फीडर की सप्लाई 3 घंटे रहेगी बंद

मरुधर विशेष

कठूमर (दिनेश लेखी)। जीएसएस तसई एवं टिटपुरी से निकलने वाले सभी फीडर तीन घंटे पूर्णत बंद रहेंगे। सहायक अभियंता कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि कांकरोली जीएसएस के आवश्यक रखरखाव कार्य हेतु 33 केवी तसई लाइन 23 मई को प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक बंद रहेगी।

कस्बे की जीआईएस स्कूल ने 12वीं के परीक्षा परिणाम में बनाया क्षेत्र में टॉप स्थान

मरुधर विशेष

कठूमर (दिनेश लेखी)। कस्बे की जीआईएस विद्यालय में गुरुवार को हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित 12वीं कला एवं विज्ञान वर्ग के परिणाम में कठूमर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के डायरेक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि विज्ञान वर्ग में मनीषा पुत्री अजयपाल 98.20%, कंगना यादव पुत्री अनिल कुमार 96.80%, अमित चौधरी पुत्र योगेंद्र कुमार 96.80%, मनीषा मीणा पुत्री पप्पूराम 96%, सिद्धि शर्मा पुत्री सुरेंद्र 96%, रिद्धी शर्मा पुत्री सुरेंद्र 95.80%, सैनफ पुत्र शकील खान 94.80%, अजीत पुत्र बच्चू सिंह 94.40%, मोहित कुमावत पुत्र रामसिंह 94.40%, भूमिका किराड़ पुत्री गिर्राज प्रसाद 94.40%, पिंकू सैनी पुत्र रघुनाथ 94.20%, प्रिया कुमारी पुत्री पुष्पेंद्र जाट 94%, रूबी पुत्री जोगेंद्र 93.40%, मनीषा पुत्री भूरीलाल 93.20%, गुलशन पुत्र नंदकिशोर 93%, कोमल पुत्र सतीश 92.80%, अभिनंदन पुत्र कुंवर सिंह 92.60%, अमन कुमार पुत्र रामभरोसी 92.60%, अंजली पुत्री विजय सिंह 92.40%, कोमल पुत्री थानसिंह 92.20%, उमेश पुत्र कैलाश चंद 91.60%, करिश्मा बानो पुत्री जाकिर खान 91.60%, कनक शर्मा पुत्री टीकम शर्मा 91.60%, प्रियंका कुमारी पुत्री पप्पी 91.20%, राधिका चौधरी पुत्री धर्मेंद्र 91%, नीतू कुमारी पुत्री नवीन चौधरी 91%, नीशू चौधरी पुत्री नवाब सिंह 91%, मनीषा कुमारी पुत्री प्रमोद कुमार 91%, अभिलाषा जैन पुत्री देवेंद्र जैन 90.40%, गौतम सिंह पुत्र देशराज 90.40%, फैजल पुत्र शरीफ खान 90%, हर्ष लवानिया पुत्र दीपक लवानिया 90% आदि ने सफलता हासिल कर विद्यालय समस्त स्टाफ एवं परिवार जनों का मनोबल बढ़ाया है।

इन्द्रा हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में दिया शत - प्रतिशत रिजल्ट

मरुधर विशेष

मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल । स्थानीय इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय खैरथल ने एक बार फिर अपनी सफलता की परम्परा को निभाते हुए गुरुवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शत - प्रतिशत रिजल्ट देकर शानदार सफलता हासिल की हैं। विद्यालय निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष और आईएफडब्ल्यूजे संगठन के खैरथल-तिजारा जिला अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय डॉ. एमपी खुराना जी द्वारा वर्ष 1976 में अलवर जिले के खैरथल में पहला इन्द्रा हैप्पी निजी शिक्षण संस्थान की स्थापना की गई थी जो लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की ओर बढ़ता जा रहा है। गत वर्ष कक्षा बारहवीं कला वर्ग में शानदार सफलता हासिल करने के बाद अब गुरूवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शत - प्रतिशत रिजल्ट दिया है। उन्होंने बताया कि इन्द्रा हैप्पी स्कूल में कला संकाय में खुशबू गुप्ता, रिद्धिमा शर्मा, निशा,हर्षिता बाबानी और प्राची ने स्कूल टॉप किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शाम को स्कूल प्रांगण में सभी टॉपर्स का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सम्मान स्वागत कार्यक्रम में खुशबू गुप्ता ,रिद्धिमा शर्मा, निशा, हर्षिता बाबानी, पलक, कनक सैनी, नेहा, दीप कौर, दिशित आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इन्द्रा पाल, प्राचार्या श्रीमती डॉ. ज्योति खुराना ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी । विद्यालय निदेशक पंकज खुराना ने सभी टॉपर्स छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मोना कनानी, कविता चौहान,प्रियंका चौहान, एकता मंगलानी, नीतू शर्मा, आदि अध्यापिकाओ सहित वंश खुराना एवं अभिभावक गण मौजूद रहे। शाला परिवार ने शत प्रतिशत रिजल्ट आने पर सभी बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी सफलता हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों ने इसका श्रेय प्राचार्या डॉ श्रीमती ज्योति खुराना,निदेशक पंकज खुराना सहित विद्यालय के गुरुजनों एवं अपने माता पिता को दिया है। विद्यालय की टॉपर्स रही छात्राओं ने बड़े पदों पर रहकर देश की सेवा करने की इच्छा जाहिर की है। इस अवसर पर विद्यालय फाउंडर श्रीमती इन्द्रा पाल खुराना ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मरुधर विशेष न्यूज़ पेपर के राजस्थान प्रधान संपादक विशाल यादव सीएम भजन लाल शर्मा से मिले

मुख्यमंत्री ने न्यूज़ पेपर एवं खबरों की शैली की प्रशंसा की

मरुधर विशेष

अलवर मरुधर विशेष न्यूज़ पेपर राजस्थान प्रधान संपादक विशाल यादव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अलवर दौरे पर मरुधर विशेष न्यूज़पेपर उपलब्ध करवाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रधान संपादक विशाल यादव ने अखबार के कार्य प्रणाली खबरों की प्रक्रिया एवं कर्मठ पत्रकार साथियों की टीम को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा मरुधर विशेष समाचार पत्र की खबरों को लेकर प्रशंसा की गई। मुख्यमंत्री के द्वारा समाचार पत्र की सटीक जानकारी खबर उपलब्ध करवाने को लेकर प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को भी मरुधर विशेष न्यूज़पेपर की कॉपी उपलब्ध कराई गई मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री के द्वारा मरुधर विशेष न्यूज़ पेपर की कार्य शैली खबरों को लेकर प्रशंसा की। इस अवसर पर राजस्थान प्रधान संपादक विशाल यादव के साथ भाजपा नेत्री अंजली यादव, डॉक्टर शानू राजकुमार यादव, नीलम यादव सहित कई नेतागण मौके पर मौजूद रहे।

पहलगाव आतंकी हमले में शहीद हुए हिंदू भाइयों की पुण्य स्मृति में फ्रेंड्स क्लब आंजना ने आयोजित किया सर्व समाज का रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाःफ्रेंड्स क्लब आंजना के द्वारा सर्व समाज का 6 दिवसीय रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे हिंदू भाइयों की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया इस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक कैलाश मीणा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की द्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अरथुना भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत पाटीदार सरपंच रमन सोलंकी सरेड़ी मंडल अध्यक्ष योगेश भट्ट भूपेंद्र सिंह चुंडावत राजेंद्र पाटीदार रीगल मेहता प्राचार्य पवन दर्जी चंद्रशेखर शुक्ला नटवरलाल शुक्ला कपिल भट्ट

नीरज उपाध्याय सुरेश मकवाना फकीरा महाराज अशोक मकवाना मनोज बामनिया रहे।क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक मयंक दवे ने स्वागत अभिनंदन करते हुए बताया कि इस प्रकार की रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पिछले तीन वर्षों से आजना गांव में किया जा रहा है जिसमें सर्व समाज के खिलाड़ी एवं लोग भाग लेते हैं द्य भाजपा जिला मंत्री एवं प्रतियोगिता के संरक्षक लक्ष्मी दत्त उपाध्याय ने विधायक कैलाश मीणा का आभार जताया कि ग्राम पंचायत आंजना को दो करोड़ के गौरव पथ की सौगात प्रदान की है द्य उपस्थित सभी खिलाड़ी एवं ग्रामीणों ने भी इस सौगात पर हर्ष व्यक्त किया द्य यश उपाध्याय जेपी पंड्या सचिन भगोरा मार्शल पंड्या तनेश खाट भावेश निनामा राज मकवाना हिमांशु गर्ग पराग भट्ट अर्जुन डोडियार, भावेश पारगी मितेश त्रिवेदी श्रेय शुक्ला महेश भट्ट रविंद्र उपाध्याय विनोद गर्ग ने पधारे हुए सभी अतिथियों का ऊपरना एवं पुष्प हार से स्वागत अभिनंदन किया विधायक कैलाश मीणा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया एवं संबोधन में राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए देश के लिए हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया एवं पहलगाव में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आतंक के खिलाफ उठाए गए सख्त कदम की तारीफ करते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया द्य दीनबंधु भट्ट जी ने अपने भाई पंकज भट्ट जी की पुण्य स्मृति में समस्त ट्रॉफीयो का खर्च देने की घोषणा की द्य दीनबंधु भट्ट जी एवं इसके को - स्पॉन्सर जी एन होंडा बडगी ,वीके मोटर्स चितरी महालक्ष्मी मोटर्स बागीदौरा विवेकानंद कॉलेज आंजना का अभिनंदन किया गया द्य इस रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया है द्य जिनके स्पॉन्सर लोकेश पंड्या रिंकेश पंड्या रमेश मकवाना, गोवर्धन मकवाना, हर्षित भट्ट, संजय भट्ट, कैलाश डोडियार, भावेश डामोर नटवर पाटीदार पियूष पाटीदार कवित जोशी और विशाल भट्ट हैं द्य पहले दिन की विजेता टीम जय श्री राम, ष्टर 7 ब्लास्टर्स भावेश ई - मित्र और वी के रॉयल्स रही कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी दत्त उपाध्याय एवं दिनेश भट्ट तथा आभार अनिल पंड्या ने व्यक्त किया

जिला कलेक्टर ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का किया भौतिक सत्यापन

मरुधर विशेष

संवाददाता सलीम खान डीग, । पंडित दीन दयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत सोनगांव के ग्राम नगला बारावली में दो बीपीएल परिवारों एवं ग्राम पंचायत श्योरावली के ग्राम आखोली में भी दो बीपीएल परिवारों के सर्वे का भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल द्वारा किया गया। उक्त योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का चयन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 12 मापदंडों के अनुसार किया जा रहा है जिसके लिए डीग जिले में ग्राम विकास अधिकारियों की ड्यूटी

लगाकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे कि कौन से परिवार बीपीएल के दायरे में आ रहे हैं और कौन से परिवार बीपीएल श्रेणी से मुक्त है। सर्वे का भौतिक सत्यापन करने के लिए जिला कलेक्टर आज सूची से चिन्हित रैंडम परिवारों से मिले और उनके बीपीएल श्रेणी में आने के मापदंडों की जांच की। उन्होंने विकास अधिकारीयों को निर्देशित किया कि वे सर्वे राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए नियमों के अनुसार ही कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान बीडीओ डीग जतन सिंह गुर्जर, एडीओ हरिशंकर, सुमित शर्मा एवं संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी, प्रशासक एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

एक्सिस एकेडमी स्कूल खैरथल ने विज्ञान वर्ग, कृषि वर्ग व कला वर्ग में एक साथ लहराया परचम

एक्सिस एकेडमी विद्यालय वर्ष 2024 विज्ञान वर्ग की छात्रा प्राची सोनी द्वारा अर्जित 100 प्रतिशत अंक का ऐतिहासिक रिकार्ड वर्ष 2025 की कक्षा 12वीं के सभी परिणामों के आने के उपरान्त भी 500 में से 500 अंक की यह उपलब्धि अभी भी एक्सिस एकेडमी विद्यालय के नाम ही रही है

मरुधर विशेष

मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल । राजस्थान द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के सत्र 2025 के परीक्षा परिणामों में एक्सिस एकेडमी सीनियर सैकण्डरी स्कूल खैरथल के विद्यार्थियों ने विज्ञान वर्ग, कृषि वर्ग व कला वर्ग में एक साथ लहराया परचम। विद्यालय के चेयरमैन सुनील यादव ने बताया कि एक्सिस एकेडमी ने लगातार 10 साल बेमिसाल के श्लोगन को चरितार्थ करते हुए विद्यालय की सुनहरी परम्परा को पुनः 2025 में स्थापित किया है। विज्ञान वर्ग में विद्यालय के छात्र आशिक खान पुत्र हनीफ खान ने 97.20 प्रतिशत, तारीफ खान पुत्र शहजाद खान ने 96.00 प्रतिशत, प्रिया पुत्री गुलाब सिंह ने 95. 80 प्रतिशत, अजंली पुत्री ललित कुमार ने 95.20 प्रतिशत अंक

प्राप्त किये। कला वर्ग में अनिता सैनी पुत्री सतीश सैनी ने 97.00 प्रतिशत, व अवनेश पुत्री कुलदीप सिंह 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। तथा कृषि वर्ग में भूमिका पुत्री गोपाल दास ने 93.60 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय का नाम जिले व राज्य में एक साथ विज्ञान वर्ग, कृषि वर्ग व कला वर्ग में सवश्रेष्ठ परिणाम देने वाले सस्थांन के रुप में दर्ज कराया है। कुल 52 विद्यार्थियो ने 90.00 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक अर्जित किये हैं। एक्सिस एकेडमी विद्यालय वर्ष 2024 में विज्ञान वर्ग की छात्रा प्राची सोनी द्वारा अर्जित 100 प्रतिशत अंक का ऐतिहासिक रिकार्ड वर्ष 2025 की कक्षा 12 वीं के सभी परिणामों के आने के उपरान्त भी 500 में से 500 अंक की यह उपलब्धि अभी भी एक्सिस एकेडमी विद्यालय के नाम ही रही है। विद्यालय निदेशक बी.डी. यादव ने विद्यार्थियों के द्वारा उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावको तथा विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा एक्सिस एकेडमी के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों का माला डालकर, साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनन्दन करते हुए उनके आगे के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन सुनील यादव, रणवीर सिंह साहित सभी शिक्षक मौजूद रहे। होनहार विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के निदेशक बी.डी. यादव,चेयरमैन सुनील यादव व गुरुजनों और अपने माता-पिता को दिया है।

हनुमानगढ़ में नए एसपी हरी शंकर ने संभाला पदभार, पुलिस अधिकारियों की ली बैठक,दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मरुधर विशेष

हनुमानगढ़, प्रभु राम) भारतीय पुलिस सेवा के बेबाक और ईमानदार अधिकारी माने जाने वाले हरी शंकर ने शुक्रवार को हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आईपीएस हरी शंकर हनुमानगढ़ के 33वें पुलिस अधीक्षक हैं। निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अरशद अली को राजस्थान सरकार ने हाल ही में आदेश जारी कर एपीओ कर दिया था। राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने 20 मई को आदेश जारी कर 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हरी शंकर का स्थानांतरण बालोतरा पुलिस अधीक्षक के पद से हनुमानगढ़ किया था। इससे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जनेश तंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विशेष जांच इकाई महिला अपराध नीलम चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर नोहर राज कंवर, सीओ सिटी मीनाक्षी, सीओ एससीएसटी सैल रणवीर साईं सहित मुख्यालय के थाना प्रभारियों ने नए एसपी हरीशंकर को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। जिसके बाद एसपी ने गार्ड ऑफ ऑनर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नए एसपी हरीशंकर ने मुख्यालय अधिकारियों की बैठक ली। एएसपी जनेश तंवर ने नए एसपी को जिले की समस्याओं को लेकर फीडबैक दिया। बैठक के बाद एसपी हरीशंकर ने एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हरि शंकर ने बीए की डिग्री प्राप्त की है और 2 दिसंबर 2019 को हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पुलिस सेवा करियर की शुरुआत की थी। उनकी अब तक की सर्विस हिस्ट्री में उन्होंने विभिन्न जिलों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने जयपुर कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त (मानसरोवर), बीकानेर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सांचौर और बालोतरा में एसपी जैसे जिम्मेदार पदों पर सेवा दी है। इसके अलावा उन्होंने यशदा, पुणे में स्पेशल फाउंडेशन कोर्स भी पूरा किया है। हरी शंकर को तेज-तर्रार और अनुशासित अधिकारी माना जाता है। बालोतरा में उनके कार्यकाल के दौरान अपराध नियंत्रण और पुलिस प्रशासन में उन्होंने सकारात्मक बदलाव लाए, जिसकी सराहना भी हुई। अब जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पुलिस तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी।

सज्जनगढ़ तहसीलदार ने किया राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण, कमियों पर दिये आवश्यक दिशा निर्देश एवं निरीक्षण उपरांत जन सुनवाई में ग्रामीणों की समस्याओ का किया निदान

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा सज्जनगढ़ः तहसीलदार हरिश सोनी ने गुरुवार को सज्जनगढ़ तहसील के कसारवाड़ी क्षेत्र का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कसारवाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के वार्ड रूम, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। अस्पताल में चिकित्स्कों की कमी के बारे में ग्रामीणों ने बताया जिस पर तहसीलदार हरीश सोनी ने दूरभाष पर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली जिस पर बीसीएमओ ने तत्काल डूंगरा छोटा सीएचसी से एक चिकित्स्क की ड्यूटी कसारवाड़ी में लगाई।इसके साथ ही तहसीलदार सोनी ने ग्राम पंचायत कसारवाड़ी-मुनियाखूंटा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया और ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जनसुनवाई प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।जनसुनवाई के बाद तहसीलदार ने मुनियाखूंटा पंचायत क्षेत्र काईडोबन-मुनियाखूंटा सड़क मार्ग का निरीक्षण किया, जहां अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण की शिकायत सामने आई थी। मौके पर पहुंचकर तहसीलदार ने संबंधित लोगों को समझाइश दी और तत्काल अतिक्रमण हटवाते हुए मार्ग को पुनः सामान्य आवागमन के लिए सुचारु रूप से खुलवाया।इस दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक जगदीश कुमार नाई, पटवारी विकास मुनिया, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कटारा तथा स्थानीय सरपंच गलिया भाई सहित कई ग्रामीणजन मौजूद रहे।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।तहसीलदार सोनी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन जनहित में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

बालूगंज बाजार में मांसाहारी दुकानों के सड़क पर अतिक्रमण से जनता बेहाल

नगर निगम की अनदेखी से खुलेआम दबंगई, सड़कें बनी कसाईखाना, राहगीरों व पर्यटकों को हो रही भारी परेशानी

मरुधर विशेष

आगरा। प्रमुख और भीड़भाड़ वाला बालूगंज बाजार इस समय मांसाहारी रेस्टोरेंट संचालकों की दबंगई और नगर निगम की निष्क्रियता का शिकार बन चुका है। खुलेआम सड़क पर लग रहे मांसाहारी काउंटर,

खुले में बिक रहा मांस, सड़क बना कसाईखाना

बालूगंज बाजार की मुख्य सड़क पर खुलेआम मांसाहारी व्यंजन बनाए और बेचे जा रहे हैं। दुकानदारों ने सड़क पर ही काउंटर और भट्टियां लगा रखी हैं, जिससे चौड़ी सड़क अब संकरी गली में तब्दील हो गई है। मांस की बदबू और गंदगी से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है।

जबरन ग्राहकों को खींच रहे दुकानदार

इन रेस्टोरेंट संचालकों की दबंगई इस कदर बढ़ चुकी है कि वे राहगीरों को जबरन अपने रेस्टोरेंट में खींचने की कोशिश करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार महिला राहगीरों को भी परेशान किया जाता है, लेकिन पुलिस या प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता।

भट्ठियां और ठेलों के कारण यह प्रमुख मार्ग अब एक तंग गली जैसा बन गया है, जहां न पैदल चलने की जगह बची है, न वाहनों के लिए रास्ता। आलम यह है कि राहगीरों से लेकर देश-विदेश से आए पर्यटक तक इस अराजकता में फंसकर तंग हो चुके हैं।

घटिया सामग्री, स्वास्थ्य पर खतरा

इन मांसाहारी रेस्टोरेंट्स में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता भी बेहद खराब है। खुले में बनाए जाने वाले व्यंजन न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं, बल्कि खाद्य सुरक्षा मानकों की भी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। फिर भी जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

नगर निगम बना मूकदर्शक

शहर भर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है, लेकिन बालूगंज बाजार इससे अछूता है। नगर निगम की टीम यहां कभी नहीं पहुंची, जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। सड़कों पर बेधड़क तरीके से ठेल-ढकेलें और मांसाहारी काउंटर लगाए जा रहे हैं।

पर्यटकों को हो रही भारी परेशानी

यह सड़क फतेहाबाद रोड और आगरा किले को जोड़ती है, जिससे पर्यटक बड़ी संख्या में इसी मार्ग से गुजरते हैं। लेकिन अब यह मार्ग जाम, अतिक्रमण और गंदगी के कारण बदहाल हो चुका है। विदेश से आने वाले पर्यटक सड़क पर लगे जाम में फंसकर आगरा की छवि को लेकर निराश हो रहे हैं।

बालूगंज बाजार की यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है, बल्कि आगरा की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी बट्टा लगा रही है। जरूरत है कि नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर जल्द से जल्द इस अतिक्रमण और अराजकता पर कठोर कार्रवाई करे, वरना यह बाजार जल्द ही शहर की सबसे बदनाम जगह बन जाएगा।

मुंडावर थाना पुलिस ने मुंडनवाडा कलां गांव में पीएनबी बीसी सेंटर से लूट के आरोपियों को किया गिरफ्तार

गांव में आरोपियों का निकाला जुलूस

मरुधर विशेष

मुंडावर (रमेश चंद) मुंडावर थाना पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ अभियान की कार्रवाई करते हुए गुरुवार 22 मई को मुंडनवाडा कलां गांव में पीएनबी बीसी सेंटर से दिनदहाड़े लूट के आरोपियों शुक्रवार को गिरफ्तार कर गांव में जुलूस निकाला गया। मुंडावर थाना प्रभारी महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि 22 मई को थाना क्षेत्र के मुंडनवाडा कलां गांव गांव में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के मिनी बैंक बीसी सेंटर में दोपहर को तीन नकाबपोश व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल से आकर बीसी संचालक विकास कुमार व एक धर्मेंद्र उर्फ मोहन नाम के ग्राहक के साथ मारपीट कर

रिवाल्वर व देशी कट्टा कनपटी पर लगाकर गले में रखें 15 से ?20000 लेकर फरार हो गए थे जिसकी रिपोर्ट बीसी सेंटर संचालक विकास कुमार के द्वारा दर्ज कराई गई। पुलिस ने तुरंत क्षेत्र में नाकाबंदी करते हुए विभिन्न टीम बनाकर कार्यवाही को अंजाम दिया गया। पुलिस की टीम के द्वारा तीनों बदमाशों के हुलिए के आधार पर मुंडनवाडा कलां गांव से हुलमाना की तरफ आते हुए दिखाई दिए।पुलिस को संदिग्ध लगने के कारण ग्रामीणों की सहायता से पीछा किया तो तीनों बदमाश मोटरसाइकिल को पटक कर जंगल की तरफ भाग छूटे। पुलिस से बचने के लिए जंगल में पेड़ों पर चढ़कर छिपने की कोशिश करने लगे लेकिन पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से लगातार घेराबंदी को देखकर तीनों बदमाश पेड़ से नीचे कूद कर वापस मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे लेकिन मोटरसाइकिल से गिरने के बाद चोट लगने के कारण बदमाश भागने में असफल रहे पुलिस ने तीनों

आरोपी अंकित (23)पुत्र सोहनलाल जाट निवासी रायपुर थाना ततारपुर जिला खैरथल तिजारा ,मोनू(19) पुत्र मुरारीलाल जाट निवासी जहरौली थाना इगलास जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश व विकास सिंह(23) पुत्र बनवारी सिंह जाट निवासी पर्वतपुर थाना खंदौली जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश अंकित पर विभिन्न धाराओं में थाना पनियाला, बहरोड, मुंडावर में मामले दर्ज हैं जबकि दोनों उत्तर प्रदेश के आरोपियों के खिलाफ मामले की जानकारी जुटा जा रही है।

मुंडावर पुलिस ने बैंक लूट के आरोपियों का गांव के मुख्य मार्गो से निकाला जुलूस

मुंडावर थाना प्रभारी महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अपराधियों में पुलिस का भय की विचारधारा को लेकर गिरफ्तार बैंक लूट के तीनों आरोपियों को मुंडनवाडा कलां गांव में जहां से बैंक लूट की वारदात को अंजाम दिया था वहां से लेकर गांव के मुख्य मार्गो से होकर बदमाशों का जुलूस निकाला गया जुलूस के दौरान काफी संख्या में बदमाशों का जनाजा देखने के लिए भीड़ एकत्रित हो गई।

भीषण गर्मी में जरूरतमंदों के लिए युवाओं ने किया रक्तदान

मॉर्निंग मैसेज

विजय सैनी शाहपुरा । शहर के रजनीश हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में शुक्रवार को भीषण गर्मी में रक्त की कमी व जरूरतमंदों के लिए युवाओं ने रक्तदान किया । डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि बिदारा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर की प्रेरणा से बिदारा निवासी साधुराम वर्मा, कम्प्यूटर अनुदेशक सांवर मल सैन,मुकेश कुमार बुनकर शंकर कॉलोनी निवासी व्याख्याता विजय चौपडा आदि ने पहली बार रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रजनीश हॉस्पिटल ब्लड बैंक की ओर से अब तक 3567 यूनिट का वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर डॉ रजनीश शर्मा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत

में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरा कम हो जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

अवसर पर डॉ.बुनकर ने कहा कि हमें कम से कम वर्ष में एक बार तो रक्तदान करना ही चाहिए। ताकि रक्त की कमी से मरने वाले लोगों को जीवनदान मिल सके। अस्पताल निदेशक डॉ रजनीश शर्मा,प्रबंधन वैभव शर्मा,सुशीला देवी,लोकेश बुनकर,लालचंद सैनी आदि ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र,प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान शिक्षक मनोज कुमार बुनकर,शिक्षक रामस्वरूप वर्मा,विजय कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

टीएसपी में ओबीसी आरक्षण विसंगति को दूर करने के लिए भरी हुंकार

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ामुख्यमंत्री नहीं दे रहे हैं मिलने का समय कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर चुप रहने के लिए भाजपा, कांग्रेस, भारत आदिवासी पार्टी तीनो को लिया आड़े हाथ द्य राज्य में ओबीसी को मिलने वाली उम्र तथा प्रतिशत की छुट से भी टीएसपी का ओबीसी वंचित जिस वजह से पुलिस कांस्टेबल भर्ती, रीट भर्ती, पटवारी भर्ती, ग्राम सेवक भर्ती तथा अन्य भर्तियों में आवेदन करने से वंचित रह जाते हैं।टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी आरक्षण विसंगतियों को लेकर ओबीसी अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिले के सभी उपखण्ड पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया द्य ज्ञापन मेंबताया गया कि राजस्थान के टीएसपी क्षेत्र में निवासरत 22 प्रतिशत जनसँख्या (ओबीसी+एमबीसी) के साथ कई सालों से अन्याय हो रहा हैंद्य राजस्थान में राजकीय सेवाओं में ओबीसी को 21 प्रतिशत और एमबीसी को 5 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हैं लेकिन टीएसपी क्षेत्र के 8 जिलों में निवासरत 22 प्रतिशत जनसँख्या (ओबीसी+एमबीसी) को उक्त संवैधानिक आरक्षण से वंचित रखा गया हैं तथा राजस्थान

में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में ओबीसी तथा एमबीसी को उम्र तथा प्रतिशत की छुट का प्रावधान हैं लेकिन उक्त छुट से भी टीएसपी क्षेत्र का ओबीसी तथा एमबीसी वंचित हैं, जिस वजह से पुलिस कांस्टेबल भर्ती, रीट भर्ती, पटवारी भर्ती, ग्राम सेवक भर्ती तथा अन्य भर्तियों में आवेदन करने से वंचित रह जाते हैं।इस संदर्भ में विधानसभा चुनाव 2023 से कुछ दिन पूर्व भारत सरकार के वर्तमान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव तथा भाजपा के राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से राजस्थान के टीएसपी क्षेत्र के आठ जिलों में ओबीसी को आरक्षण नहीं होने के संबंध में बात रखी थी और भाजपा सरकार आने के बाद सकारात्मक कदम उठाने का वादा किया था जिसके बाद टीएसपी का ओबीसी भाजपा के प्रति आशावादी बना हुआ है।राजस्थान में रहने वाली 91 ओबीसी तथा एमबीसी की 5 जातियों में से टीएसपी के 8 जिलों में चारण, राव, बंजारा, लबाना, सुथार, जांगिड, भावसार, रावणा राजपूत, दर्जी, धाकड़, भोई, माली, गायरी, गाड़िया लोहार, घांची, तेली, गिरी, गोस्वामी, गुर्जर, जुलाहा, जोगी, नाथ, सिद्ध, कुशवाहा, शाक्य, वेगडा कलाल, मोड़ कलाल, पटेल, टांक, सुवालका, पिंजारा, मंसूरी, वागडीया पाटीदार, गुजराती पाटीदार, हटखेडा पाटीदार, रेवाला पाटीदार, कुम्हार, कुमावत, लखारा, लोहार, पंचाल, नाई, सेन, रेबारी, रावत, स्वामी, बेरागी, वैष्णव, सिकलीगर, स्वर्णकार, सोनी, कंसारा, तम्बोली, जाट, कसाई, सिलावट,

कायमखानी, कुंजड़ा, गुरु, गर्ग ब्राह्मण, पुजारी सेवक अन्य जातियां बड़ी संख्या में निवासरत हैं लेकिन इन्हें किसी भी प्रकार का संवैधानिक आरक्षण नहीं दिया जा रहा हैं। पूर्व में भी इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन प्रेषित किया गया तथा इस विषय को लेकर मिलने का समय माँगा गया लेकिन आज दिनांक तक कोई सहयोग नहीं किया गया द्य मुख्यमंत्री से इस विषय में संज्ञान लेकर जरूरी दिशा निर्देश प्रेषित करने का अनुरोध किया गया द्य आनंदपुरी उपखण्ड पर ज्ञापन रोशन कलाल अरथूना और चंकी कलाल आनंदपुरी के नेतृत्व में वीरेंद्र कलाल,कार्तिक पंचाल,राजेंद्र पंचाल,मनोज कलाल, प्रतिश,जुगल दर्जी,अजय दर्जी, मोनू कलाल,जयेश पंचाल, मिथुन, चिराग, चेतन, जिगर, रविंद्र, विकास, राजेश पंचाल ने दिया ।छोटी सरवन उपखण्ड पर मयूर पंवार के नेतृत्व में विनोद पटेल, शुभम कलाल, आयुष पंवार, मंगेश भोई, मयंक पटेल, अरुण पंवार, जलज टेलर, मुकेश भोई इत्यादि ने ज्ञापन दिया द्य गढ़ी उपखण्ड पर अमित कलाल परतापुर और चिराग कलाल गढ़ी के मार्गदर्शन में राजेन्द्र कलाल गढ़ी, किशन कलाल गढ़ी, कमलेश गढ़ी, रितेश कलाल, शांतिलाल कलाल ने सहयोग किया द्यघाटोल उपखण्ड पर जितेन्द्र कलाल सेनावासा और हितेश बसेर के नेतृत्व में गणेश भाटिया, किशोर कलाल, सुनील कलाल, रमेश पाटीदार, वैभव पंचाल, यश भाटिया, दिव्यम कलाल ने ज्ञापन दिया द्यबागीदौरा उपखण्ड पर भवानी कलाल के नेतृत्व में चिराग कलाल, नकुल पाटीदार, प्रफुल दर्जी, दीपक कलाल ने ज्ञापन सौंपा।कुशलगढ़ उपखण्ड पर राहुल भटेवरा के नेतृत्व में कोतुल पड़ियार, कुलदीप लोदावरा, मयूर भटेवरा, पंकज तथा अन्य ने ज्ञापन सौंपा द्य सज्जनगढ़ उपखण्ड पर गिरीश कलाल और मनीष कलाल के नेतृत्व में सद्दाम गवरा, ओसामा नागुजी, राजू कलाल, प्रवीण कलाल तथा शम्स शेख ने ज्ञापन दिया द्यबांसवाड़ा उपखण्ड पर लक्ष्मीकांत भावसार के नेतृत्व में एडवोकेट पंकज बरोड़िया, कल्पेश कलाल मोटागांव, प्रवीण तेली , डॉ नरेश पटेल, शाहीद मंसूरी ने ज्ञापन सौंपा द्य

"कक्षा बारहवीं में अव्वल आने वाले खारवाल समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया"

मरुधर विशेष

हीराराम सेजू पचपदरा श्री खारवाल जाग्रति मंच पचपदरा द्वारा कक्षा बारहवीं बोर्ड में खारवाल समाज की प्रतिभा और बालोतरा जिला का टॉपर लोकेन्द्रसिंह पुत्र श्री भैरूलाल खारवाल का साफा-माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराया गया एवं अमरसिंह राठौड़ की तरफ से 5100/- रुपए एवं 2100/- रुपए रमेशकुमार पुत्र चम्पा लाल द्वारा देकर सम्मान किया और द्वितीय स्थान पर अंशुमान सिंह पुत्र श्री ओमप्रकाश [नवरंग स्टूडियो] खारवाल का साफा एवं फ़ूल माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कर एवं अमरसिंह राठौड़ द्वारा 3100/- रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री खारवाल समाज से दौलतराम शिक्षाविद् ने कहा कि कड़ी मेहनत से व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में कोई असंभव नहीं है एवं मदनलाल सिसोदिया शिक्षाविद् ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया, इस अवसर पर भगवती प्रसाद, रमेश कुमार, सतीश कुमार,अमित सिंह राठौड़, अक्षय राठौड़, भैरुलाल,ओमप्रकाश, घनश्याम,रायचंद, सत्यवीर सिंह, जितेन्द्र सिंह, रमेश कुमार दावरियां, पंकज सिंह सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

शिकायतो को गंभीरता से ना लेने वाले अधिकारिओं पर गिरेगी गाज, जसबीर सैनी बोले अब थानो में नाम पूछकर नहीं, सही गलत को देकर कार्रवाई होती है

मरुधर विशेष

सुनीता सैनी बावल भाजपा नेता पूर्व पार्षद एवं ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें दिल्ली हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाक़ात की द्य जहाँ सैनी नें सी. एम जनसंवाद में आमजन की शिकायतो पर कुछ अधिकारिओं द्वारा कागजो में ही समाधान करने से अवगत कराया वही बहादुरगढ़ में लम्बे समय से बैठे अधिकारिओं के बारे में भी बताया द्य सैनी नें कहा की कुछ अधिकारी जान -बूझकर आमजन को परेशान करते है द्य उनके कामो के लिए बार -बार चक्कर कटवाते है द्य इसलिए सैनी नें मुख्यमंत्री से ऐसे अधिकारिओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा सैनी नें कहा की हमें जनता के

साथ मजबूती से खड़ा होना है द्य क्यों की इन्होने ही प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है द्य इसी का परिणाम है की पूर्व की सरकारों की तरह पुलिस थानो में नाम पूछकर कार्रवाई होने की बजाय सही, गलत को देखकर कार्रवाई की जाती है ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें बहादुरगढ़ के विकास कार्यों में तेजी लाने व अधूरे पड़े कामो को जल्द पूरा करवाने की मांग भी मुख्यमंत्री से की द्य मुख्यमंत्री नें कहा की प्रदेश की नॉन -स्टॉप सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर काम कर रही है द्य जो वादे सरकार नें जनता से किये है उन्हें तय सीमा के अंदर पूरा करना हमारा लक्ष्य है द्य मुख्यमंत्री नें ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी को इसी तरह आमजन के काम करवाने की बात कही द्य वही उन्हें विश्वास दिलाया की कोई अधिकारी जनहित की बात को अनसुना करें तो उस के बारे में मुझे बताये द्य जनहित की समस्याओ को गंभीरता से ना लेने वाले अधिकारिओं को किसी हाल में बक्शा नहीं जायेगा

बालावास ग्राम पंचायत में पानी का संकट, महिलाओं ने जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन, टंकी निर्माण शुरू करने की मांग

मरुधर विशेष

बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर ।क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालावास में पानी की किल्लत को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और पानी की समस्या को दूर करने की मांग की गई। वही टंकी निर्माण कार्य को पूरा करवाने की मांग की।
ग्रामीण दिनेश यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत में पिछले कई दिनों से पीने के पानी का संकट बना हुआ है। विभाग के अधिकारियों को लगातार शिकायत की जा रही है लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। वही ग्रामीणों ने बताया कि रतनपुरा के लिए जल जीवन मिशन योजना से टंकी का निर्माण कार्य

किया जा रहा है जो पिछले 6 माह से बंद पड़ा हुआ है। ठेकेदार अपनी मनमर्जी कर रहा है। प्रशासन को कई बार टंकी निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए शिकायत की गई लेकिन टंकी का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समस्या को लेकर एसडीएम विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में पानी की समस्या ओर टंकी निर्माण को शुरू करवाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पानी की समस्या को दूर करने की मांग की है। विभाग की जेईएन ललतोश गुर्जर ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया है। जल्द ही ग्रामीणों की समस्या को दूर किया जायेगा। वही टंकी निर्माण को लेकर ठेकेदार से बात कर निर्माण कार्य चालू करवाया जाएगा जिससे ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके।

बांसवाड़ा की बेटियों ने अजमेर में लहराया परचम

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा राजस्थान टेनिस संघ के द्वारा ऑल इंडिया टेलेंट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन चंद्रवरदाई टेनिस क्लब अजमेर में किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में बांसवाड़ा राजस्थान से खुशवी पडियार ने रोमांचक मुकाबले में अपने ही राज्य की सौम्या चौधरी जिसकी ऑल इंडिया में रैंकिंग 31 है, जिसे 6-1, 6-2 से पराजित किया और बांसवाड़ा की ही अपनी अकादमी की साथी प्लेयर दृष्टि राज सिंह झाला के साथ मिलकर डबल्स में भी उपविजेता रहे। उससे पहले सेमीफाइनल में दोनों प्लेयर ने बड़ा संघर्ष करते हुए 6-1, 1-6 सेट बराबर होने के बाद निर्णायक सेट में सुझ बुझ के साथ वापसी करते हुए 10 -6 से कायरा एवं मैथिली को परास्त किया तथा फाइनल में प्रवेश किया और टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को टेनिस एसोसियेशन संघ के सचिव ने पुरस्कृत किया। दोनों प्लेयर ने कोच कमलेश गरासिया, सह कोच, परिवारजन के साथ ही बांसवाड़ा के सभी टेनिस खिलाडियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।खुशवी ने बताया कि तीन वर्ष के अनथक व निरन्तर प्रयास से यह सफलता पाई है साथ ही दोनो प्लेयर ने राजस्थान खेल परिषद से आग्रह किया है कि बांसवाड़ा में प्रतिभाओं की कमी नही है बस तराशने की जरूरत है „साथ ही खेल परिषद् से आग्रह किया है योग्य कोच को नियुक्त करे तो और भी प्लेयर बांसवाड़ा से आगे निकल कर आयेंगे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिश्रा ने मंत्री संजय शर्मा के पीए और अन्य पर लगाए गम्भीर आरोप

मरुधर विशेष

अलवर। भजनलाल की सरकार में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा को न्याय नहीं मिल रहा ऐसे में आमजनता की डबल इंजन की सरकार में क्या स्थिति होगी।इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।जनता कॉलोनी में प्लाट मालिक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने
बीजेपी के पूर्व पार्षद विष्णु शर्मा उर्फ शेरू,विश्वेंद्र चौधरी और मंत्री संजय शर्मा के पीए मनोज शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए है।
मिश्रा ने बताया कि जनता कॉलोनी के पास, राधे के कुएं पर के नंबर 372 , 373 दो प्लॉट इकरारनामा से अनिल पुत्र राधेश्याम गुप्ता से वर्ष 2013 में खरीदा था। सन 2024 मार्च में पूर्व पार्षद विष्णु शर्मा तथा विश्वेंद्र चौधरी ने कॉलोनी के कुछ लोगों की बरगलाकर प्लॉट के तरफ दक्षिण में कुछ मूर्तियां रात के अंधेरे में चोरी छुपे रख दी थी। जिसकी एफआईआर अरावली विहार थाने में दर्ज करवाई गई। जिसमें पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ न्यायालय में

चालान भी पेश कर रखा है। न्यायालय में मूर्तियों को हटाने का वाद लंबित है। आज दोपहर में मेरे प्लॉट की तरफ गया तो मुझे पता लगा कि बीजेपी के पूर्व पार्षद विष्णु शर्मा उर्फ शेरू तथा विश्वेंद्र चौधरी जो इसी कॉलोनी के रहने वाले है, ने मेरे प्लॉट के सामने विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर बिजली विभाग के ठेकेदार से लगवा रहे थे। मैने बिजली विभाग के एईएन से ट्रांसफार्मर मेरे प्लॉट के सामने के बजाय अन्य स्थान पर लगवाने का निवेदन किया था। तो विष्णु पार्षद तथा विश्वेंद्र सिंह चौधरी कॉलोनी के कुछ लोगों की बरगलाकर मौके पर बुलाकर मुझे जान से मारने की तथा झूठा मुकदमा लगाने की बात करने लगे तथा बीजेपी की सरकार की धमकी मुझे देने लगे। तब मैने पुलिस अधीक्षक तथा कलेक्टर को वॉट्सएप पर लिखित में सारे मामले की जानकारी दी। पुलिस को शान्ति व्यवस्था के लिए फोन कर मौके पर बुलाया। तब पुलिस की समझाइश के बाद कॉलोनी वासी ट्रांसफार्मर किसी अन्य स्थान पर लगाने के लिए मान गए। अब मुझे पता लगा है कि विष्णु शर्मा ने कुछ लोगों के साथ दुर्भावना वश मेरे प्लॉट के सामने ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए मंत्री संजय शर्मा के पीए मनोज शर्मा पर दबाव बनाकर कर्मचारियों से बीजेपी की सरकार में होने का दबाव की धौंस दिलवाई तथा ट्रांसफार्मर मेरे प्लॉट के सामने नहीं लगाने पर उनका ट्रांसफर अलवर जिले से बाहर करने की धमकी मंत्री संजय शर्मा के पीए मनोज शर्मा ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को दी है। मैने भी फोन पर मंत्री संजय शर्मा तथा उनके पीए मनोज शर्मा से बात की तो उन्होंने मुझे आश्वस्त किया कि ट्रांसफार्मर हम अन्य स्थान पर लगवाकर इस विवाद का हल करेंगे। लेकिन उनकी बात ढाक के तीन पात साबित हुई।

गबन की जांच किए बिना दिया नोटिस अब कोर्ट में 1 अगस्त को सुनवाई

मरुधर विशेष

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर के आदेश की अवमानना मामले मे निवर्तमान बांसवाड़ा एसएसपी हर्षवर्धन अगरवाला, अरथूना थाना अधिकारी प्रकाश चंद्र मीना और अरथूना थाना एएसआई जय सिंह नप गए पूरक रिपोर्ट मे गढ़ी वृताधिकारी सुदर्शन पालीवाल भी की न्यायालय के आदेश के मामले मे अवमानना पायी गई मामले की अगली सुनवाई हाईकोर्ट मे 1 अगस्त को है पुरा मामला यह है की गढ़ी मादलदा निवासी और हाल प्रतापगढ़ जिले मे पदस्थ ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार डोडीयार के खिलाफ अरथूना पंचायत समिति की और से अरथूना थाने मे दर्ज कराई गयी गबन के मामले की पुलिस एफआईआर 18/2024 को ग्राम विकास अधिकारी राजेश डोडीयार ने ऐसीबी के एक मामले के कारण षड़यंत्र के तहत की गई कार्यवाही बताकर थाना अरथूना मे दर्ज एफआईआर 18/2024 को राजस्थान उच्च न्यायालय मे चुनौती दी जिस पर हाई





कोर्ट ने 23/04/2024 को यह आदेश दिया की राजेश एक विस्तृत पुलिस अभ्यावेदन जिला पुलिस अधीक्षक को देगा जिस पर एसपी स्वयं जांच करें या किसी अन्य ज़िम्मेदार अधिकारी से जांच करवाए बाद जांच मे दोषी है या नहीं एसएसपी स्वयं निर्णय ले फिर एक बार मे आरोपी की गिरफ्तारी करने की बजाय 30 दिन पूर्व का नोटिस दे जिसमे बिना जांच अनुसन्धान किये आरोपी राजेश को दोषी बताकर 30 दिन पूर्व का नोटिस जारी कर दिया जब मामला अपर सेशन न्यायालय बांसवाड़ा के संज्ञान मे आया तो पाया गया एसएसपी के बिना जांच अधिकारी नियुक्त किये अरथूना थाने के एएसआई जय सिंह जांच अधिकारी नियुक्त हो गया और बिना एसएसपी के निर्णय के बिना अनुसन्धान हाईकोर्ट की पालना बताकर 30 दिन पूर्व का नोटिस जारी कर दिया किया जिस पर अपर सेशन न्यायालय बांसवाड़ा ने एसपी को तलब किया लेकिन वह उपस्तिथत नहीं हुए ना कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया इस अपर सेशन न्यायालय ने इसे हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना माना हाई कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया मामले की सुनवाई अब 1 अगस्त को होगी

ग्राम सौंखर में निकली सिंदूर यात्रा, नारी शक्ति ने तिरंगा और सिंदूर लेकर भरी हुंकार

मरुधर विशेष

खेड़ली (दिनेश लेखी)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी मंडल खेरली द्वारा शुक्रवार को ग्राम सौंखर में आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने बताया कि इस यात्रा में दौरान हजारों महिलाओं ने हाथों में सिंदूर और तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों और गीतों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों के साथ सौंखर ग्राम में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने यात्रा में एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर यह संदेश दिया कि वे पीड़ित बहनों के साथ हैं और सेना के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगी। इस मौके पर अध्यक्ष शीलेन्द्र चौहान ने कहा कि भारतीय सेना की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपने सैनिकों पर गर्व है। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए। इस मौके पर जिला संयोजक सुनीता सैनी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलवर सुमन चौधरी, सहसंयोजक मोना शर्मा, पार्षद प्रियंका जांगिड़, नेहा जैन, भाजपा नेत्री मुन्नी देवी खोंखर, प्रिया चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी कठूमर, मुकेश शर्मा भनोखर, सियाराम पटेल, विक्रम शर्मा खोह मंडल अध्यक्ष, लोकेंद्र प्रजापत आदि मौजूद रहे।

सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी में दो दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन

मरुधर विशेष

मैनपुरी(अजय सक्सेना)। सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी में 23 मई 2025 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सी बी एस ई, नोएडा द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरियट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट के तत्वावधान में दो दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन हुआ। यह कार्यक्रम सी बी एस ई की उस दूरदर्शी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में शिक्षकों के लिए सतत् और सुदृढ़ प्रशिक्षण प्रणाली विकसित करना है।
टी ओ टी मॉडल विश्वस्तरीय संस्थानों से प्रेरित एवं कैस्केड पद्धति पर आधारित है। इसमें कुछ चयनित शिक्षकों को गहन प्रशिक्षण देकर उन्हें इस योग्य बनाया जाता है कि वे आगे चलकर अपने क्षेत्र के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित कर सकें। इस प्रक्रिया से ज्ञान का विकेंद्रीकरण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा की व्यापक पहुँच सुनिश्चित होती है।
कार्यक्रम के प्रारम्भ में इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरियट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा नियुक्त प्रशिक्षकों श्री टी. के. रज़दान, श्री यू. सी. जोशी,

डॉ. वाग्मिता त्यागी एवं श्री राजीव मोहन पांडेय, विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राम मोहन, प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा. कुसुम मोहन एवं प्रबन्ध निदेशक डा. लव मोहन ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
इसके पश्चात सुदिती ग्लोबल एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन द्वारा प्रशिक्षकों श्री टी. के. रज़दान, श्री यू. सी. जोशी, डॉ. वाग्मिता त्यागी एवं श्री राजीव मोहन पांडेय का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।
प्रशिक्षकों श्री टी. के. रज़दान, श्री यू. सी. जोशी, डॉ. वाग्मिता त्यागी एवं श्री राजीव मोहन पांडेय का परिचय देते हुए विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा. लव मोहन ने बताया कि श्री तेज कृष्ण रजदान, हॉस्पिटलिटी सेक्टर में 40 वर्षों से अधिक अनुभव रखते हैं। उन्होंने सी आई एच एम, चंडीगढ़ के प्राचार्य के रूप में कार्य किया और मिड-डे मील व डायरेक्ट ट्रेनर स्किल्स जैसी सरकारी योजनाओं में अहम भूमिका निभाई है। श्री उमेश चंद्र जोशी, सेवानिवृत्त प्रांतीय विकास सेवा अधिकारी एवं क्रच्ज् के मास्टर ट्रेनर हैं। वे ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन व प्रशासनिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञ हैं। डॉ. वाग्धमिका त्यागी, गर्गी गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या हैं, जो सी बी एस ई की रिसोर्स पर्सन, शैक्षिक लेखिका एवं समाजसेविका के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं। उन्हें टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा वीमेन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. राजीव मोहन पांडे, रोज़ी पब्लिक स्कूल, शाहजहाँपुर के प्रधानाचार्य हैं, जो सी बी एस ई प्रमाणित प्रशिक्षक, और राष्ट्रीय स्तर पर पाठ्यक्रम विकास व शिक्षक प्रशिक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।
विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समारोह में सांस्कृतिक गरिमा और उत्सवपूर्ण वातावरण का संचार किया। कार्यक्रम के मुख्य सत्रों में 21वीं सदी के आवश्यक शैक्षिक कौशल जैसे सहयोगात्मक अधिगम, समस्या समाधान, समावेशी शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति' और 'शिक्षक नेतृत्व' पर गहन चर्चा की गई। इन सत्रों का उद्देश्य प्रतिभागी शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से लैस करना है ताकि वे अपने विद्यालयों में प्रभावी ढंग से शिक्षण कर सकें। टी ओ टी का महत्व अत्यंत व्यापक और गहन है। वर्तमान समय में जब पाठ्यक्रम, शिक्षण शैलियाँ और छात्र मनोविज्ञान में निरंतर परिवर्तन हो रहा है, ऐसे में 'शिक्षक-प्रशिक्षकों की एक मजबूत श्रृंखला की आवश्यकता है जो स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित कर सके। यह कार्यक्रम नवाचार, सहकर्मी अधिगम और सतत् सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जो किसी भी सशक्त शिक्षा प्रणाली की पहचान है।
इस प्रशिक्षण में मैनपुरी, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मेरठ, जबलपुर, हाथरस आदि जनपदों के कुल 72 प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। ये प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षक एवं परिवर्तनकर्ता की भूमिका निभाएंगे।

महाविद्यालय बीबीरानी में 28 मई को आयोजित होगी प्रायोगिक परीक्षा

मरुधर विशेष

कोटकासिम। राजकीय महाविद्यालय बीबीरानी में अर्थशास्त्र विषय के बी.ए. पार्ट द्वितीय और तृतीय के सभी नियमित, स्वयंपाठी और ड्यू छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 28 मई को आयोजित होगी। परीक्षा प्रभारी डॉ0 एम.एस. रजा ने बताया कि इस परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को पुनः मौका नहीं दिया जायेगा। अतः सभी विद्यार्थियों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों को अपने साथ प्रयोगिक रिकॉर्ड और फोटो पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) (राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947) 7014373732